## नीट यूजीके लिए जल्द शुरू होगा रजिस्ट्रेशन



राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी जल्द ही मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए होने वाली नीट परीक्षा के लिए आवेदन की शुरुआत करेगी। हालांकि, अभी तक नीट की तरफ से इसे लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन माना जा रहा है कि जल्द ही इसे लेकर अहम घोषणा की जाएगी। नीट एप्लीकेशन फॉर्म 2021 और इंफॉर्मेशन ब्रॉशर जल्द ही रिलीज होगा।

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

## कई राज्यों में 10 जून तक भारी बारिश

दक्षिण-पश्चिम मानसून महाराष्ट्र और पूर्वोत्तर पहुंच गया है। आईएमडी के अनुसार, दक्षिण-पश्चिमी हवाओं के मजबूत होने और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और पड़ोस में निचले स्तर पर चक्रवाती तूफान के चलते अगले तीन दिनों में पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के कई राज्यों में भारी बारिश की संभावना है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय और मणिपुर जैसे राज्यों में में भारी से भारी बारिश हो सकती है।

● वर्ष- 15 अंक 126- ● जबलपुर ● सोमवार, 7 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष -12 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

# कोरोना पर नई गाइडलाइन में कई दवाओं पर रोक

**नई दिल्ली ।** देश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर जारी है। राहत की बात ये है कि कोरोना के नए मरीजों की संख्या में लगातार गिरावट जारी है। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना के इलाज के लिए संशोधित गाइडलाइंस जारी की है। इसमें कोरोना मरीजों के इलाज के लिए हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन, आइवरमेक्टिन, डॉक्सीसाइक्लिन समेत कई दवाओं पर रोक लगा दी है, जबकि इससे पहले जमकर ये दवाएं कोरोना मरीजों को दी जा रहीं थीं।

केंद्र सरकार की ओर से जारी नई गाइडलाइंस के मुताबिक, जिन मरीजों में कोरोना संक्रमण के लक्षण नजर नहीं आते या हल्के लक्षण हैं, उन्हें किसी तरह की दवाइयां लेने की जरूरत नहीं है। हालांकि, दूसरी बीमारियों की जो दवाएं चल रही हैं, उन्हें जारी रखना चाहिए। ऐसे मरीजों को टेली कंसल्टेशन (वीडियो के जरिए उपचार) लेना चाहिए। अच्छी डाइट लेनी चाहिए। साथ ही मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग जैसे जरूरी कोरोना नियमों का पालन करना चाहिए।




डायरेक्टर जनरल ऑफ हेल्थ सर्विसेज (डीजीएचएस) ने नई गाइडलाइंस के तहत एसिम्प्टोमेटिक मरीजों के इलाज में इस्तेमाल की जा रहीं सभी दवाओं को लिस्ट से हटा दिया है। गाइडलाइन में कहा गया है कि ऐसे संक्रमितों को दूसरे टेस्ट करवाने की जरूरत भी नहीं है। इससे पहले 27 मई को गाइडलाइन जारी की गई थी, जिसमें हल्के लक्षणों वाले मरीजों पर हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन, आइवरमेक्टिन, डॉक्सीसाइक्लिन, जिंक और मल्टीविटामिन के इस्तेमाल की मनाही की गई थी। इसके अलावा एसिम्प्टोमेटिक मरीजों के लिए सीटी स्कैन जैसे गैर जरूरी टेस्ट लिखने से भी मना किया गया था। नई गाइडलाइंस में कोरोना मरीजों और उनके परिजनों को एक-दूसरे से फोन या वीडियो कॉल के जरिये जुड़े रहने और सकारात्मक बातें करने का सुझाव दिया गया है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि किसी भी तरीके की परेशानी अथवा बीमारी के लक्षण महसूस करने पर डॉक्टर से सलाह लें, सके बाद ही दवाएं लें। बता दें कि देश में सोमवार को कोरोना के 1 लाख 1 हजार 159 मामले सामने आए। यह आंकड़ा पिछले 62 दिनों में सबसे कम है। इससे पहले 5 अप्रैल को 96,563 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। पिछले 24 घंटे में संक्रमण की वजह से 2,444 लोगों की मौत हुई है।

## वन क्षेत्र खाली कराने 10 हजार मकानों पर चलेगा बुलडोजर



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को फरीदाबाद निगम को लक्कड़पुर-खोरी गांव के वन-क्षेत्र में स्थित तमाम घरों को छह हफ्ते के भीतर ढहाने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि हर हालत में वन-क्षेत्र खाली होना चाहिए और इसमें किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। वन-क्षेत्र में करीब 10 हजार घर बने हुए हैं। जस्टिस ए एम खानविलकर और जस्टिस दिनेश महेश्वरी की पीठ ने फरीदाबाद निगम को छह हफ्ते के भीतर किसी भी हालत में वन-क्षेत्र में बने मकानों को ढहाने का आदेश दिया है। पीठ ने हरियाणा सरकार को निगम कर्मियों की सुरक्षा का पर्याप्त इंतजाम करने के लिए कहा है। अदालत ने कहा है कि छह महीने के भीतर अनुपालन रिपोर्ट पेश किया जाए, इसके बाद हम अनुपालन रिपोर्ट की सत्यता जांच करेंगे। आदेश का पालन नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारी सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे।

## फटाफट खबरें



### भिंडरावाले को शहीद बताने पर बुरे फंसे भज्जी

**नई दिल्ली ।** भारत टीम के स्टार ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह एक बार फिर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में हैं। उनका एक बयान ट्विटर पर ट्रोल कर रहा है। दरअसल उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ऑपरेशन ब्लू स्टार की 37वीं वर्षगांठ पर स्वर्ण मंदिर के अंदर मारे गए जरनैल सिंह भिंडरावाले को श्रद्धांजलि दी और उन्हें शहीद कहने का संकेत दे दिया। फिर क्या था यूजर्स ने उनकी इस टिप्पणी की आलोचना शुरू कर दी। हालांकि उन्होंने इस दौरान भिंडरावाले का नाम नहीं लिया। उन्होंने इंस्टा पर जनरैल सिंह की तस्वीर को प्रमुखता से दिखाया है। इसको लेकर लोगों ने जमकर ट्रोल किया है। लोगों ने उनसे बयान वापस लेने की मांग की है।

### चुरा लिया है तुमने.. गाकर ट्रोल हुईं शनमुख प्रिया



मुंबई। सोनी टीवी का शो इंडियन आइडल 12 इस बार भी बेहद खास है शो की कंटेस्टेंट शनमुख प्रिया के साथ हुआ। सोशल मीडिया पर उन्हें जमकर ट्रोल किया गया और लोगों ने उन्हें शो से निकालने की बात भी कह डाली। शनमुख प्रिया बहुत अच्छा गाती हैं और उनकी आवाज लोगों को काफी पसंद है। एक एपिसोड में शनमुख प्रिया ने गाना चुरा लिया है तुमने जो दिल को गाया था। इस गाने को गायिका आशा भोसले ने गाया था। शनमुख प्रिया ने जब ये गाना गाया तो उनके गाने का अंदाज लोगों को पसंद नहीं आया। नाराज लोगों ने जमकर क्लास लगा दी।

### 'साराभाई वर्सेस साराभाई' की अभिनेत्री तरला जोशी का निधन



**मुबई।** 'साराभाई वर्सेस साराभाई', 'एक हजारों में मेरी बहना है' समेत कई सीरियल्स में काम कर चुकीं टीवी अभिनेत्री तरला जोशी का निधन हो गया है। उन्होंने बीते रविवार को अंतिम सांस ली। अभिनेत्री निया शर्मा ने सोशल मीडिया के जरिए उनके निधन की जानकारी दी।

# रात दो बजे मंत्री से मुलाकात फिर जूडा की हड़ताल समाप्त

**भोपाल।** गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल समेत प्रदेश के छह मेडिकल कॉलेजों में चल रही जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल खत्म हो गई है। रविवार और सोमवार की दरमियानी रात दो बजे मंत्री से मुलाकात के बाद जूडा ने हड़ताल खत्म करने का निर्णय लिया है। हालांकि, जूडा की 24 फीसद तक तक मानदेय बढ़ाने की मांग को सरकार ने नहीं माना है। जूडा ने कहा है कि हाईकोर्ट के निर्देश के सम्मान में हड़ताल खत्म की है। जूडा के स्टेट प्रेसीडेंट डॉ. अरविंद मीणा ने हड़ताल खत्म करने की पुष्टि की है।



### 6 मांगों को लेकर जूडा 31 मई से आंदोलन कर रहा था।

प्रदेश में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपपुर , रीवा और सागर में जूनियर डॉक्टर हैं जहां हड़ताल चल रही थी। जूडा की सबसे बड़ी मांग मानदेय में 24 फीसद तक बढ़ोतरी थी। सरकार ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर 17 फीसद तक बढ़ोतरी की मांग मानी है। इस मुद्दे पर जूडा और सरकार के बीच सहमति नहीं बन पा रही थी। शुक्रवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने जूडा को 24 घंटे के भीतर हड़ताल खत्म करने को कहा था, लेकिन जूडा ने सामूहिक इस्तीफा देकर हड़ताल जारी रखी थी।

### यह थीं मांगें

मानदेय में 24 फीसद बढ़ोतरी कर प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के लिए क्रमशः 55 हजार से बढ़ाकर 68200, 57 हजार से बढ़ाकर, 70680 और 59 हजार से बढ़ाकर 73160 किया जाए। मानदेय में हर साल छह फीसद इंक्रीमेंट लगाया जाए। कोविड ड्यूटी को अनिवार्य ग्रामीण सेवा माना जाए। अभी सिर्फ उन्हीं डॉक्टरों की कोरोना ड्यूटी को इसमें शामिल किया गया है जो कोर्स पूरा होने के बाद ड्यूटी कर रहे हैं। जूडा व उनके स्वजन के इलाज के लिए अस्पताल में विशेष व्यवस्था की जाए। जूडा पदाधिकारियों ने सामूहिक इस्तीफा दिया था। इसके बाद संबंधित कॉलेजों के डीन ने सीट छोड़ने के लिए तय बांड राशि जमा कर विधिवत इस्तीफा देने को कहा था। जूडा पदाधिकारियों को छात्रावास खाली करने का नोटिस जारी किया गया था। ग्वालियर में जूडा पदाधिकारियों को बर्खास्त किया गया था।

# देश में मिला कोरोना का एक और वेरिएंट



**पुणे।** भारत में कोरोना संक्रमण का नया वेरिएंट मिला है। इसे B.1.1.28.2 नाम दिया गया है। पुणे स्थित नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ विरोलॉजी ने इसका पता लगाया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि कोरोना के इस वेरिएंट से मरीज का वजन तेजी से कम होता है। यह फेफड़ों के लिए ज्यादा घातक साबित होता है। वायरस का यह नया वैरिएंट भारत में पाए गए डेल्डा वैरिएंट की ही तरह गंभीर है। इस बीच, एक अन्य अहम घटनाक्रम के तहत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना के इलाज की नई गाइडलाइन जारी की है। इसमें तीन दवाओं को इलाज से बाहर कर दिया गया है। इनमें हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन भी शामिल है। बिना लक्षण वाले और हल्के मामलों के लिए एंटीपीयरेटिक (बुखार के लिए) और एंटीट्यूसिव (ठंड लगने पर) को छोड़कर बाकी सभी दवाओं को हटा दिया गया है। नई गाइडलाइन में मास्क, हाथों की साफ-सफाई और फिजिकल डिस्टेंस के पालन करने के साथ मरीजों को बॉडी हाइड्रेशन के साथ स्वस्थ और संतुलित खानपान की सलाह दी गई है।

### महाराष्ट्र में मृतकों का आंकड़ा एक लाख पार

महाराष्ट्र में कोरोना संक्रमण के चलते मरने वालों की संख्या एक लाख को पार कर गई है। बीते 24 घंटे में 681 मौतों के साथ ही राज्य में अब तक कुल 1,00,130 लोगों की जान जा चुकी है। राज्य में संक्रमितों का आंकड़ा भी 58 लाख को पार कर गया है, जो फ्रांस में पाए गए कुल संक्रमितों से ज्यादा है। हालांकि, मरीजों के उबरने की दर बढ़कर 95.05 फीसद हो गई है।

### नए केस की संख्या घटकर 1 लाख के करीब

बीते 24 घंटों में देश में कोरोना के नए केस घटकर 1 लाख के करीब पहुंच गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, देशभर में कोरोना संक्रमण के 1,00,636 नए केस दर्ज हुए हैं, जबकि ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 1,74,399 रही है। मौतों के आंकड़े में 2427 का इजाफा हुआ है और यह कुल संख्या बढ़कर 3,49,186 हो गया है। देश में अब तक कोरोना के 2,89,09,975 मरीज सामने आए हैं, जिनमें से 2,71,59,180 ठीक हो चुके हैं। अभी 14,01,609 एक्टिव केस हैं। इससे पहले कोरोना महामारी की दूसरी लहर में दो महीने बाद रविवार को सबसे कम नए मामले पाए गए, जबकि करीब डेढ़ महीने बाद सबसे कम मौतें भी हुईं।

### एमपी में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चल रही खबरों को मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया अफवाह

# वाट्सएप यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलरों की अफवाह पर ध्यान न दें

**भोपाल।** गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने इंटरनेट मीडिया पर मध्य प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चल रही सूचनाओं को अफवाह बताया है। उन्होंने कहा कि वाट्सएप एक ऐसी यूनिवर्सिटी है, जिसका वाइस चांसलर बनने के लिए किसी योग्यता की आवश्यक्ता नहीं होती। और इसलिए ये जो झूठी सूचनाएं हैं, जो भ्रामक और असत्स सूचनाएं हैं, मेरी प्रार्थना है इन पर ध्यान न दें। भाजपा पूरी तरह से सीएम शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के नेतृत्व में एक है, संगठित है। शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, वे अभी सीएम हैं और रहेंगे। इसलिए इस तरह इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रही अटकों को कोई आधार ना बनाएं। आपको बता दें कि मध्यप्रदेश में पिछले तीन चार दिनों से यह खबर वायरल हो रही है कि प्रदेश में सीएम बदलने वाले हैं साथ ही बीडी शर्मा मुख्यमंत्री बन सकते हैं आदि, आदि।



### विजयवर्गीय बोले- ये सामान्य मेल-मुलाकात

भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय ने भी इंटरनेट मीडिया पर चल रही अटकलों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि ये सामान्य मेल-मुलाकात है। आजकल कोविड के दौर में कम काम हैं तो लोगों के साथ संबंध मधुर कर रहे हैं, मैं नहीं मानता इसको राजनीति रंग देना ठीक है। सीएम शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में ही मध्य प्रदेश चलेगा। जब उनसे पूछा गया कि आपका भी इसमें नाम आ रहा है तो कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मैं अभी किसी और काम में लगा हुआ हूं।

## ब्लैक फंगस का 100 गुना तक सस्ता हो सकता है इलाज, डाक्टरों ने निकाला तरीका



**नई दिल्ली।** कुछ डॉक्टर ब्लैक फंगस के मरीजों के लिए एक राहत की खबर लेकर आए हैं। डॉक्टरों ने ब्लैक फंगस के इलाज का कुछ ऐसा तरीका निकाला है, जिससे इसका खर्च 100 गुना तक सस्ता हो सकता है, यानी कि एक दिन में लगने वाले 35,000 रुपये का खर्च 350 रुपये तक आ सकता है। डॉक्टरों ने इलाज का जो तरीका निकाला है, उसमें सावधानी से मरीज के ब्लड क्रिएटिनिन लेवल की निगरानी करनी है, जिसके बाद खर्चा काफी कम हो जाएगा। ब्लैक फंगस के इलाज में इस्तेमाल होने वाले इंजेक्शन का नाम एम्फोटेरेसिन है। ब्लैक फंगस के बढ़ते मामलों को देखते हुए इस इंजेक्शन की कमी बाजार में देखने को मिल रही है। ऐसे में डॉक्टर दूसरे तरीके से इलाज करने की तैयारी में हैं। डॉक्टरों का कहना है कि इस तरीके के तहत जरूरी है कि दूसरे दिन मरीज का ब्लड टेस्ट हो। पुणे बीजे मेडिकल कॉलेज के ईएनटी हेड समीर जोशी का कहना है कि कोरोना के बाद ब्लैक फंगस से पीड़ित 201 मरीजों का इलाज किया है। इनमें से 85 फीसदी मरीज कंवेशनल एम्फोटेरेसिन और सर्जरी के बाद ठीक हुए हैं।

## पाकिस्तान में दो ट्रेनों की टक्कर, 30 की मौत



**इस्लामाबाद।** पड़ोसी देश पाकिस्तान में सोमवार तड़के एक भीषण रेल हादसा हो गया। सिंध प्रांत के डहारकी में दो ट्रेनों के बीच टक्कर हो गई, जिससे 30 से ज्यादा लोगों की जान चली गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। पाकिस्तान के सिंध प्रांत के घोटाकी जिले के डहारकी में सोमवार तड़के करीब 3:45 बजे मिल्लत एक्सप्रेस और सर सैय्यद एक्सप्रेस की आपस में टक्कर हो गई। इससे मिल्लत एक्सप्रेस के आठ डिब्बे पटरी से उतर गए। मिली सूचना के मुताबिक, अब तक 30 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 50 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। घायलों में से कई की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है। घोटाकी जिले के डिप्टी कमिश्नर ने मौतों की पुष्टि की है। मिल्लत एक्सप्रेस की कई बोगियां अनियंत्रित होकर दूसरी ट्रैक पर जा गिरीं और सामने से आ रही सर सैयद एक्सप्रेस उससे टकरा गई। इस कारण मिल्लत एक्सप्रेस की 8 और सर सैयद एक्सप्रेस की इंजन समेत चार बोगियां ट्रैक से उतर गईं। मिल्लत एक्सप्रेस कराची से सरगोधा और सर सैयद एक्सप्रेस रावलपिंडी से कराची जा रही थी। पाकिस्तानी अधिकारियों ने आशंका जताई है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। घोटाकी जिले के डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि हादसे में 13 से 14 बोगियां पलट गई हैं। इनमें से 6 से 8 को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि कई लोग अभी भी बोगियों में फंसे हुए हैं और उन्हें निकालने में काफी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

## पीएम मोदी शाम 5 बजे करेंगे राष्ट्र को संबोधित



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार शाम 5 बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। पीएमओ इंडिया के ट्विटर हैंडल से यह जानकारी दी गई है। इसके साथ ही अटकलों का दौर शुरू हो गया है कि पीएम मोदी क्या खास कहेंगे? माना जा रहा है कि यह संबोधन कोरोना महामारी, अनलॉक की प्रक्रिया के साथ ही टीकाकरण पर बोल सकते हैं। यह अटकल भी लगाई जा रही है कि पीएम मोदी गरीबों और अन्य वर्गों के लिए राहत पैकेज का ऐलान कर सकते हैं। राज्यों में अनलॉक की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। ऐसे में पीएम मोदी कह सकते हैं कि कोरोना महामारी खत्म नहीं हुई है। वहीं इस महीने कोरोना वैक्सीन की बड़ी खेप देश को मिलना है।

## आज से फिर पटरी पर देश की राजधानी



**नई दिल्ली।** राजधानी में आज से मॉल , बाजार समेत सभी कार्यालय भी खुल रहे हैं। इसके साथ ही दिल्ली मेट्रो भी पटरी पर दौड़नी शुरू हो चुकी है। ऐसे में यह भी जरूरी है कि लोग कोरोना से बचाव के नियमों का पालन करें। इसके लिए दिल्ली पुलिस और सभी जिला प्रशासन ने दिल्ली के विभिन्न इलाकों में अतिरिक्त टीमें तैनात की हैं, जो संक्रमण से बचाव के नियमों का पालन कराना सुनिश्चित करेंगी। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि बाजार मॉल और शराब की दुकानों के आसपास काफी लोगों की भीड़ आती है। ऐसे में यह स्थान कोरोना के सुपर स्प्रेडर बन सकते हैं। लोग कोविड से बचाव के नियमों का पालन करें। इसके लिए इन सभी जगह पर दिल्ली पुलिस और सिविल डिफेंस की अतिरिक्त टीमें तैनात की गई हैं। यह टीम लोगों पर नजर रखेगी, जो भी व्यक्ति भीड़ से बचाव के नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।दिल्ली के साथ ही उत्तर प्रदेश के नोएडा में आज से 50 प्रतिशत यात्रियों के साथ मेट्रो फिर से चलनी शुरू हो गई है। इस पर एक यात्री ने बताया, %मेट्रो के शुरू होने से ड्यूटी करने वाले लोगों को सबसे ज्यादा राहत मिलेगी क्योंकि टैक्सी में 300 रुपये लगते हैं और मेट्रो में सिर्फ 40 रुपये।




# स्पीड पोस्ट से कराएं अस्थि विसर्जन वेबकास्ट से लाइव देंखें

**नई दिल्ली ।** कोरोना संक्रमण के दौर में नहीं रहे लोगों के परिजनों के लिए डाक विभाग ने नई पहल की है। संस्था ओम दिव्य दर्शन के सहयोग से डाक विभाग की ओर से की गई पहल के तहत आप अपने परिजनों की अस्थियां स्पीड पोस्ट से वाराणसी, प्रयागराज, हरिद्वार और गया भेज सकते हैं। वहां संस्था के प्रतिनिधियों की ओर से विधिवत अस्थिविसर्जन सहित श्राद्ध आदि कर्मकांड कराए जाएंगे।कोरोना संक्रमण के दौर में अनेक लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया और विधिवत उनका अंतिम संस्कार भी नहीं हो सका। सनातन धर्म में पवित्र नदियों में अस्थि विसर्जन की परंपरा है। इसी के मद्देनजर की गई पहल के तहत देश के किसी भी कोने से अस्थियां डाकघरों से स्पीड पोस्ट के माध्यम से उक्त जगहों पर भेजी जा सकेंगी। इस सुविधा को प्राप्त करने के लिए इच्छित व्यक्ति को ओम दिव्य दर्शन संस्था के पोर्टल htpp://omdivyadar-shan.org पर अपना रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। इसके बाद उक्त व्यक्ति की ओर से



डाकघर के माध्यम से अस्थियों का पैकेट स्पीड पोस्ट से भेजा जाएगा। अच्छी तरह से पैक अस्थि पैकेट पर मोटे अक्षरों में 'ओम दिव्य दर्शन' लिखा होना चाहिए ताकि इसे अलग से पहचाना जा सके। पैकेट पर भेजने वाले का पूरा नाम, पता, मोबाइल नंबर भी लिखना होगा। स्पीड पोस्ट का शुल्क भेजने वाले से ही लिया जाएगा। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव के मुताबिक स्पीड पोस्ट बुक करने के बाद भेजने वाले को ओम दिव्य दर्शन संस्था के पोर्टल पर स्पीड पोस्ट बार कोड नंबर सहित बुकिंग डिटेल्स अपडेट करना होगा। डाकघर में पैकेट प्राप्त होने के बाद उसे ओम दिव्य दर्शन के पते पर भेज दिया जायेगा। इसके बाद संस्था पुरोहितों के माध्यम से विधिवत अस्थि विसर्जन एवं श्राद्ध संस्कार आदि कराएगी। इसे वेबकास्ट के माध्यम से मृतक के परिजन देख भी सकेंगे। सभी संस्कारों के बाद संस्था की ओर से मृतक के परिजनों को डाकघर की ओर से एक बोतल गंगाजल भी भेजा जाएगा।





## अचानक मेडिकल पहुंचे विश्नोई

# ब्लैक फंगस से जूझ रहे मरीजों की सुध ली

**जबलपुर, यशभारत। नेताजी सुभाष चंद्र मेडिकल कॉलेज जबलपुर में भर्ती ब्लेक फंगस के मरीजों को आज लगने वाले इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में है। फिलहाल 127 मरीज भर्ती हैं जिनकी हालत में तेजी से सुधार हो रहा है। यह जानकारी**

ईएनटी विभाग प्रमुख डॉ कविता सचदेवा ने कही। उन्होंने बताया कि अभी तक 36 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। उन्हें दवाई, इंजेक्शन आदि के बारे में बताया गया कि आपका इलाज लंबा चलेगा। इसी बीच आज दोपहर में पूर्व मंत्री एवं पाटन विधायक अजय विश्नोई ने मेडिकल में सभी वार्डों में जाकर ब्लैक फंगस से जूझ रहे मरीजों के हालचाल पूछे और अच्छा से अच्छा इलाज करने के निर्देश सभी अधिकारियों को एवं डॉक्टरों को दिए। डॉ कविता सचदेवा ने उन्हें बताया कि सभी मरीजों का बेहतर इलाज किया जा रहा है। जूडा हड़ताल से पहले जहां रोजाना 5 मरीजों का ऑपेरशन होता था, वहीं अब सिर्फ 1 मरीज का ऑपेरशन हो पा रहा था। अब हड़ताल खत्म हो गई है तो ज्यादा से ज्यादा आपरेशन किए जाएंगे। जानकारी के अनुसार ईएनटी विभाग में 14 जूनियर डॉक्टर थे, जो मरीज की सर्जरी होने के बाद दवाई, इंजेक्शन, सर्जरी के बाद मरीज को ऑब्जर्व करना आदि काम करते थे। अब डॉक्टरों के लौटने पर फिर मरीजों की सेवा और अच्छी तरह से होगी। उल्लेखनीय है कि रविवार को मरीजों की तबीयत बिगड़ने की सूचना जब अस्पताल प्रबंधन को लगी तो मौके पर अधीक्षक राजेश तिवारी सहित अन्य बड़े अधिकारी पहुंच गए।मेडिकल के वार्ड क्रमांक 5 और 20 में भर्ती ब्लेक फंगस के मरीज रविवार की शाम ठंड से कांपने लगे। पहले तो कुछ मरीज ही कांप रहे थे परंतु धीरे-धीरे वार्डों में भर्ती सारे मरीजों पर कंपन शुरू हो गई। इसकी जानकारी जब मेडिकल डॉक्टरों को लगी तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान पता चला कि मरीजों की तबीयत खराब होने का कारण ब्लेक फंगस का गलत इंजेक्शन लगना है। हालांकि समय रहते मरीजों को उचित इलाज मिल गया और स्थिति काबू में आ गई।

## जबलपुर जेल वैक्सीनेशन में नंबर 1

# प्रदेश का पहला जेल जहां कैदियों को शत-प्रतिशत टीके लगे

**जबलपुर, यशभारत।** नेताजी सुभाषचन्द्र बोस केन्द्रीय जेल जबलपुर के नाम एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हो गई है। प्रदेश का इकलौता ऐसा जेल जहां पर कैदियों सहित जेल स्टाफ को शत-प्रतिशत टीके लगे हैं। मालूम हो कि माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर एवं महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएँ के निदेशों के पालन में तथा कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के निर्देशन में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ शत्रुघन दाहिया के सहयोग तथा जेल अधीक्षक / डी.आई. जी . जेल्स जबलपुर रेंज गोपाल प्रसाद ताम्रकार के संरक्षण में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस केन्द्रीय जेल जबलपुर में 4 से लेकर 6 मई तक कोरोना वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में डॉ . श्रीमती निधि शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा जेल में परिरूद्ध बंदियों को कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए सोशल



डिस्टेंसिंग रखकर टीका लगाया गया। जिसमें 2964 बंदियों को प्रथम डोज तथा 86 बंदियों को दूसरा डोज लगाया गया । इस प्रकार नेताजी सुभाषचन्द्र बोस केन्द्रीय जेल 6 मई की स्थिति में परिरूद्ध , टीकाकरण हेतु पात्र शत - प्रतिशत बंदियों को कोरोना वैक्सीन के प्रथम डोज का टीकाकरण किया जा चुका है शेष बंदियों को कोरोना महामारी से स्वस्थ्य होने तथा जेल चिकित्सक द्वारा परीक्षण किये जाने पर अन्य बीमारियों का उपचार जारी रहने से शासन की गाईडलाईन अनुसार टीका नहीं लगाया गया। उन्हें स्वस्थ्य होने पर टीका लगाया जाएगा । इसके पूर्व भी जेल में आयोजित टीकाकरण शिविर में 240 अधिकारियों / कर्मचारियों को टीका लगाया जा चुका है । इस प्रकार प्रदेश की केन्द्रीय जेलों में सबसे पहले शत - प्रतिशत वैक्सीनेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने वाला केन्द्रीय जेल जबलपुर बना ।

## पत्नी को प्रताड़ित करने वाले पति पर एफआईआर

**जबलपुर यश भारत।** पाटन थाना क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 15 की रहने वाली 25 वर्षीय महिला ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि पति भोला रैकवार चरित्र संदेह को लेकर आए दिन उसके साथ मारपीट कर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले की विवेचना में लिया है। इस संबंध में पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि पाटन के वार्ड नंबर 15 की रहने वाली 25 वर्षीय भागवती बर्मन द्वारा पति भोला रैकवार के विरुद्ध उसकी प्रताड़ना से तंग आकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई पीड़िता ने पुलिस कुछ जानकारी मे बताया कि पति भोला रैकवार चरित्र पर शक करता है जिसके कारण घर में आए दिन विवाद की स्थिति बनी रहती है गत दिवस भोला रैकवार द्वारा भागवती बर्मन के साथ लात घुसा से मारपीट कर उसको मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया जिसके कारण उसने न्याय की गुहार लगाते हुए पति के विरुद्ध पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है पुलिस द्वारा मामले को विवेचना में लिया गया है।



## मानसून के प्रवेश करने की उल्टी गिनती शुरू

**जबलपुर,यशभारत।** मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है । यह केरल, कर्नाटक आन्ध्रप्रदेश से होते हुए मुंबई तक पहुंच गया है। इसके चलते मध्यप्रदेश में भी मानसून के प्रवेश करने की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। वातावरण में लगातार आ रही नमी के कारण जहां उमस बढ़ गई है। अधिकांश जिलों में गरज-चमक के साथ बौछारें भी पड़ रही हैं। मौसम विज्ञानियों के अनुसार वर्तमान में मप्र में दो वेदर सिस्टम बने हुए हैं। इस वजह से वातावरण में लगातार नमी बढ़ रही है। इस वजह से मानसून पूर्व की गतिविधियों में भी तेजी आने लगी है। वर्तमान में प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश की संभावना बनी हुई है। बादल छाए रहने से पूरे प्रदेश में अधिकतम तापमान में अधिक बढ़ोतरी भी नहीं हो रही है। रविवार को जबलपुर का अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस कम रहा। साथ ही सोमवार का न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से दो डिसे कम था। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार-मंगलवार को जबलपुर जिले में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। वर्तमान में दक्षिण-पश्चिम मप्र पर एक ऊपरी हवा का चक्रवात बना हुआ है। इस चक्रवात से लेकर तमिलनाडू तक एक द्रोणिका लाइन (ट्रफ) बनी हुई है। अरब सागर के गुजरात तट पर एक ऊपरी हवा का चक्रवात बना हुआ है। इसी तरह समुद्र तट पर गोवा और उससे लगे कर्नाटक पर भी एक ऊपरी हवा का चक्रवात बना हुआ है। इन चार वेदर सिस्टम के कारण नमी मिल रही है। इस वजह से अधिकांश जिलों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ रही हैं।पश्चिम विक्षोभ और दक्षिण पश्चिम मानसून की आहट से मौसम का मिजाज बिगड गया है। इन दिनों से सुबह धूप, बादल और फिर दोपहर में बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश की बौछारें गर्मी से जहां राहत दे रही हैं तोकुछ देर बाद निकल रही धूप से उसम भरी गर्मी बैचेनी बढ़ा रही है। मौसम विभाग की माने तो पश्चिम विक्षोभ और मानसून की सक्रियता से मौसम में बदलाव आना शुरु हो गया है। सोमवार को भी जबलपुर सहित आस-पास के जिलों में गरज-चमक के साथ तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।

## जनता कर्फ्यू को सफल बनाने में कलेक्टर ने जताया नागरिकों का आभार

**जबलपुर।** कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए जबलपुर शहर में कल शनिवार की रात 10 बजे से



लगाये गये लॉकडाउन को रविवार को पूर्णरूप से सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने के लिए कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने संस्कारधानी के नागरिकों का आभार व्यक्त किया है।कलेक्टर ने कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने में आगे भी इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा शहरवासियों से की है। उन्होंने संक्रमण से बचने लोगों से अनिवार्य रूप से मास्क पहनने, फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करने, अनावश्यक बाहर न निकलने, भीड़ का हिस्सा न बनने तथा हाथों को साबुन से बार-बार धोने अथवा सेनिटाइज करते रहने का आग्रह भी किया।

## दिव्यांग जनों को लगे कोरोना के टीके



**जबलपुर।** दिव्यांग जनों को कोरोना के टीके लगाने आज सोमवार को बायपास चौराहा स्थित शासकीय दृष्टिबाधित विद्यालय में सुबह 10.30 बजे से वेक्सीनेशन कैम्प प्रारम्भ हुआ । जिला रेडक्रॉस सोसायटी एवं सामाजिक न्याय विभाग द्वारा स्वास्थ विभाग के सहयोग से लगाये गये इस कैम्प का शुभारम्भ आयुक्त नि:शक्तजन मध्यप्रदेश श्री संदीप रजक ने दीप प्रज्वलित कर किया । कैम्प में आये दिव्यांगजनों में कोरोना का टीका लगाने उत्साह देखा गया । दिव्यांगजनों के पालकों को भी इस कैम्प में कोरोना की वेक्सीन लगाई जा रही है । दिव्यांगजनों के लिये टीके लगाने कैम्प तक आने जाने की वाहनों से नि:शुल्क व्यवस्था की गई है ।

## जबलपुर-कोयम्बटूर- के दिन में परिवर्तन के साथ समय-सारणी में संशोधन

**जबलपुर यश भारत** पश्चिम मध्य रेल से चलने वाली जबलपुर-कोयम्बटूर के बीच साप्ताहिक सुपरफास्ट फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन के दिवस में परिवर्तन के साथ समय-सारणी में संशोधन किया गया है। गा?ी संख्या 02198



जबलपुर-कोयम्बटूर सुपरफास्ट फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन को सप्ताह में शनिवार की बजाय अब शुक्रवार को अपने नए समय सारिणी के अनुसार चलाने का निर्णय लिया गया है। ये अपने बदले हुए दिवस से दिनाँक 11 जून 2021 से लागू रहेगा। वापसी में गाड़ी संख्या 02197 कोयम्बटूर-जबलपुर के दिवस में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। बदले हुए दिन में ये ट्रेन अपनी संसोधित समय सारिणी के अनुसार चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेलवे क्षेत्राधिकार में संशोधित समय सारणी इस प्रकार है

### ट्रेन की संशोधित समय सारणी*

गाड़ी संख्या 02198 जबलपुर से कोयम्बटूर साप्ताहिक (शुक्रवार) स्पेशल ट्रेन 11.06.2021 से जबलपुर स्टेशन से रात्रि में 23:50 बजे अगले दिन नरसिंहपुर 00:53 बजे, गाडरवारा 01:28 बजे, पिपरिया 02:03 बजे, इटारसी 03:35 बजे, हरदा 04:45 बजे, खण्डवा 06:45 बजे और तीसरे दिन 17:10 बजे कोयम्बटूर पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में गा?ी संख्या 02197 कोयम्बटूर से जबलपुर साप्ताहिक (सोमवार) स्पेशल ट्रेन दिनाँक 14.06.2021 से कोयम्बटूर स्टेशन से 15:30 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन हरदा 03:53 बजे, इटारसी 05:05 बजे, पिपरिया 06:15 बजे, गाडरवारा 06:50 बजे, नरसिंहपुर 07:23 बजे और 08:45 बजे जबलपुर स्टेशन पहुँचेगी।

# शनि जयंती, वट सावित्री और अमावस्या का 10 को अनूठा संयोग

**जबलपुर ।** गुरुवार 10 जून को शनि जयंती, वट सावित्री और अमावस्या का अनूठा संयोग पड़ रहा है। इसलिए हिन्दू धर्म के नजरिये से जून माह काफी महत्व रखता है। इनमें अमावस्या का दिन खास होगा। इसी दिन सूर्य ग्रहण भी रहेगा लेकिन ज्योतिषाचार्यों का मानना है कि भारत में सूर्यग्रहण दिखाई नहीं देगा। गुरुवार को वट सावित्री और अमावस्या के दिन भगवान शनि देव का जन्म दिन पड़ता है। इसीलिए 10 जून को शनि जयंती भी मनाई जाएगी। वहीं वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ पक्ष की अमावस्या को रखा जाएगा। शनिदेव को नवग्रह में खास माना जाता है। इस दिन दान-पुण्य और शनिदेव की पूजा से शनि प्रकोप घटता है बल्कि भक्तों पर शनि की कृपा बरसती है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार जेष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या के दिन शनिदेव का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन शनि जयंती मनाई जाती है। इसी दिन ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या देव पितृ अमावस्या के रूप में भी मनाई जाती है। इसलिए देव पितृ की शांति शनि की शांति इस शनि जयंती वाले दिन बहुत ही महत्वपूर्ण व आसानी से हो जाती है। जेष्ठ अमावस्या शनि जयंती के दिन शनि को प्रसन्न करके उसके अशुभ फलों से बचा जा सकता है। इस समय मिथुन राशि, तुला राशि, धनु



राशि, मकर राशि और कुंभ राशि वालों के लिए शनि की ढैया और साढ़े साती चल रही है, इसलिए वह शनि मंत्र जाप, शनि स्त्रोत का पाठ, काले उड़द, सरसों का तेल, लोहा, काला वस्त्र दान अवश्य करें, इससे उन्हें परेशानियों में राहत मिलेगी।

### बरगद की होगी परिक्रमा

वट सावित्री के दिन महिलाएं पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखती हैं। बरगद के पेड़ की 108 परिक्रमा कर महिलाएं यहीं कथा सुनती हैं। सुहागनों के लिए यह दिन खासा महत्व रखता है। धार्मिक मान्यता है कि माता सावित्री अपने पति सत्यवान के प्राणों को यमराज से छुड़ाकर इसी दिन लेकर आई थीं। इसलिए इस दिन बरगद वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व होता है। साथ ही इस वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवताओं के साथ अन्य देवताओं का वास माना जाता है। ऐसे में इस वृक्ष की पूजा से तीनों देवताओं के आशीर्वाद के साथ-साथ अन्य देवताओं का भी आशीर्वाद भी प्राप्त हो जाता है और सुहागिनों को अखंड सौभाग्य के साथ संतान प्राप्ति का आशीर्वाद भी मिलता है।

### वट सावित्री पूजा का शुभ मुहूर्त

- ज्येष्ठ अमावस्या तिथि आरंभ 9 जून 2021 दिन बुधवार दोपहर 1:58 बजे, तिथि समाप्त 10 जून 2021 दिन गुरुवार शाम 4:22 बजे।
- वट सावित्री व्रत पारण 11 जून 2021 दिन शुक्रवार।

### पूजन का मुहुर्त समय

- ब्रह्म मुहूर्त: सुबह 04:08 से 04:56 बजे तक।
- अभिजित मुहूर्त 11:59 बजे से 12:523 बजे तक।

## कोरोना महामारी को खत्म करने हों संयुक्त रूप से प्रयास : जस्टिस मेनन

**जबलपुर ।** कोरोना को पूरी तरह खत्म करने समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। यह विचार आर्म्ड फोर्सेस ट्रायब्यूनल के चेयरमेन एवं मप्र हाईकोर्ट के पूर्व कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस राजेंद्र मेनन ने युवा चेतना संस्था द्वारा आयोजित वेबिनार में विशिष्ट वक्ता के रूप में व्यक्त किये। च्भारत कोरोना को कैसे हरा सकता हैज्ज विषय पर आयोजित इस वेबिनार का उद्घाटन स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने किया। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय वेबिनार के मुख्य अतिथि रहे इस मौके पर जस्टिस श्री मेनन ने कहा कि टीकाकरण के कार्य में तेजी लाकर महामारी पर जीत हासिल की जा सकती है। उन्होंने युवा चेतना संस्था के प्रयासों की सराहना की।स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने कहा की भारत एकजुट होकर कोविड को पराजित करेगा। उन्होंने कहा की युवा वर्ग को आगे ब?कर सामाजिक दायित्व का निर्वहन करना होगा। राज्यपाल श्री दत्तात्रेय ने कहा कि लोगों को धैर्य के साथ महामारी से लड़ना होगा। मेदांता हास्पिटल के अध्यक्ष डॉ. नरेश त्रेहान, गंगाराम हास्पिटल के अध्यक्ष डॉ. डीएस राणा, डॉ. अभिजात सेठ, एम्स ऋषिकेश के निदेशक डॉ. रविकांत ने कहा की लोगों को संकट के समय में चिकित्सकों पर विश्वास करना होगा।जबलपुर हास्पिटल के डायरेक्टर डॉ. राजेश धीरावानी ने कहा की जैसे ही कोरोना के लक्षण दिखें लोगों को तुरंत चिकित्सीय परामर्श शुरू कर देना चाहिए। वेबिनार में एचएनबी गढ़वाल विवि की कुलपति डा. अन्नपूर्णा नौटियाल, जैक्सन ग्रुप के अध्यक्ष समीर गुप्ता, उद्यमी मनोज गोयल एवं कर्नाटक हाईकोर्ट के अधिवक्ता शिवप्रसाद शांतनागउदार उपस्थित रहे। अध्यक्षता युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित सिंह ने की।

## सेंट अलॉयसियस इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी में विश्व पर्यावरण दिवस

**जबलपुर। कोविड.19 से उत्पन्न वैश्विक महामारी के संकट काल के इस दौर में विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने तथा पर्यावरण को सुरक्षित कैसे रखा जाए इस विषय को दृष्टिगत रखते हुए सेंट अलॉयसियस इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी गौर, जबलपुर में डिपार्टमेंट ऑफसाइंस एजुकेशन द्वारा - इकोसिस्टम री स्टोरेशन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन गूगल मीट ऐप के माध्यम से किया गया ।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के संचालक डॉ . फ ादर डेविस जॉर्ज एवं महाविद्यालय के प्रशासक फादर बेन एन्टेन रोज़ रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. रेनू पांडे की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में फादर डेविस जॉर्ज ने अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रतिभागियों को पर्यावरण को सुरक्षित बनाए रखने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया और वर्तमान मैं कोरोना वायरस से उत्पन्न ऑक्सीजन की समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि प्रकृति और विकृति बहुत नजदीक है अगर हम इस विकृति से बचना चाहते हैं तो प्रकृति को सुरक्षित बनाए रखने में हम सबको विशेष योगदान देने की आवश्यकता है। इसके पश्चात फादर बेन एन्टेन रोज़ द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा गया कि हमें पेड़ लगाना चाहिए एवं प्रकृति द्वारा प्रदत किसी भी चीज को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। कार्यक्रम की इसी कड़ी में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रेनू पांडे द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस- के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता पर एक वीडियो रिलीज़ किया गया। प्रतिभागियों ने आयोजित प्रतियोगिताओं स्लोगन राइटिंग कॉम्पीटीशन पोस्टर मेकिंग कॉम्पीटीशन एवं सेल्फ प्रिपेयर्ड पोएट्री कॉम्पीटीशन माध्यम से मैं भाग लेकर अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए पर्यावरण को सुरक्षित बनाए रखने पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापिका श्रीमती पूजा शर्मा विभागाध्यक्ष विज्ञान संकायद्ध एवं श्रीमती सुमन मेहरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों का परिणाम घोषित किया गयाए जिसमें स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान. झील सिंहएद्वितीय स्थान. एन मैरी तृतीय स्थान खुशी गुप्ता ने प्राप्त किया। कविता प्रतियोगिता मैं प्रथम स्थान साक्षी सिंह बघेल द्वितीय स्थान सुबोध कुमार दुबे तृतीय स्थान अंकुश कुमार राय द्वारा प्राप्त किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वर्षा गुप्ता ,द्वितीय स्थान पूजा साहू ,तृतीय स्थान ज्योति गुप्ता ने प्राप्त किया । सांत्वना पुरस्कार सुशीला बेंगरा, अलीसा टोपो, वंशिका अग्रवाल, साक्षी गुप्ता, झील सिंह तथा रेशू पटेल ने प्राप्त किया । धन्यवाद श्रीमती सीमा पाठक ने किया।

## मौका मिलता है रक्तदान का इसे यूं ना गंवाई

### देकर के दान रक्त का आप पुण्य कमाइये :पं.संदेश महाराज

**जबलपुर।** महाकोशल रक्तदान सेवा जबलपुर निरंतर पीडित मानवता की सेवा में तत्पर है इसी क्रम को आगे



बढ़ाते हुए आज क्ब पॉजिटिव की पूर्ति कराई जिसमें संगठन के सक्रिय सदस्य आनंद तिवारी जी द्वारा ब्लड डोनेट किया गया उन्होंने अपना 04 ब्लड डोनेट किया और सभी से अपील की कि अधिक से अधिक ब्लड डोनेट करें जिससे हम जरूरतमंदों के काम आ सके।*

## रेल कॉलोनी में ओपन जिम का उद्घाटन, पौधारोपण

**जबलपुर यश भारत।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जबलपुर रेल मंडल में अनेक आयोजन हुए जिसके तहत रेल सौरभ कॉलोनी, रेलवे स्टेशन एवं रेल कार्यालयों के आसपास सघन वृक्षारोपण किया गया ।रेल सौरभ कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक संजय विश्वास, अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक गुप्ता, वरिष्ठ मंडल अभियंता संजय यादव सहित अनेक अधिकारियों ने कॉलोनी में वृक्षारोपण किया तथा ओपन जिम का उद्घाटन किया। इसके अतिरिक्त जबलपुर मदन महल, कछपुरा, कटनी दमोह, सागर, सतना, रीवा आदि स्टेशनों के बाहर भी वृक्षारोपण का



कार्य किया गया। कछुपुरा स्टेशन पर आयोजित वृक्षारोपण समारोह में वाणिज्य विभाग के स्टाफ ने पर्यावरण संरक्षण तथा वृक्षारोपण करने की शपथ लेते हुए वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव देवेश सोनी सहायक वाणिज्य प्रबंधक पंकज दुबे अखिलेश नायक सहित अनेक निरीक्षक उपस्थित थे।






# सतत् सेवा के संकल्प का नाम है जगत बहादुर सिंह (अन्नू)

## राष्ट्र सर्वोपरि के भाव के साथ, राजनीति को समाज सेवा करने का एक माध्यम बनाया

**जबलपुर।** संस्कारधानी में भी कोरोना की मार ने कई अपनों को छीन लिया। कई बेसहारा हो गए। चारों ओर सिर्फ महामारी के प्रकोप की चर्चा है। सबके बीच में आशाओं के दीये भी जलाये गये हैं। जब इंसान को अकेला हो जाने का भय था तभी परोपकारी हाथ भी उसे सहारा देने के लिए आगे आए हैं। ऐसे ही सेवा के संकल्प का एक नाम है जगत बहादुर सिंह च्अन्नूज्ञ जिन्होंने गत वर्ष भी लॉकडाउन में मानवता की तन-मन और धन से निःस्वार्थ भाव से की और इस बार भी जब महामारी का प्रकोप बढ़ा तो वे लोगों की सेवा के लिए तत्पर हो गए और लगातार अस्पतालों के संपर्क में रहते हुए बीमार लोगों के लिए बिस्तर तलाशते और भर्ती कराते रहें। इस सेवा के बदले में पीड़ित ही नहीं उसके परिजन और रिश्तेदार भी मुक्त कंठ से च्अन्नूज्ञ का आभार करते नजर आये।





### 15 ऑक्सीजन कंसनट्रेटर से नि :शुल्क सेवा जारी

सेवा का जुनून ऐसा कि जगत बहादुर सिंह च्अन्नूज्ञ और उनके मित्रों ने मिलकर 15 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर खरीद लिए और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क प्राणवायु उपलब्ध कराकर लोगों की बड़ी आवश्यकता पूरी की।

### अंतिम संस्कार के सेवादारों की अन्नपूर्णा सेवा

इस दौरान कोरोना से अंतिमगति को प्राप्त हुए लोगों के शवों का अंतिम संस्कार करने वाले लगभग 70 से 75 लोगों की भोजन की आवश्यकता के बारे में च्अन्नूज्ञ को बताया गया तो उन्होंने विनम्र भाव से इस सेवा को स्वीकार किया और अन्नू भाई ने प्रतिदिन अंतिम संस्कार करने वाले सेवादारों की अन्नपूर्णा सेवा लगातार 25 दिनों तक की।

### अब तक 250 परिवारों को 1 माह का कच्चा राशन -

जगत बहादुर सिंह च्अन्नूज्ञ लगभग 250 परिवारों को 1 माह का राशन अब तक प्रदान कर चुके हैं तथा यह सेवा भी निरंतर चल रही है। प्रमुख रूप से शहर के संगीत कलाकारों के परिवारों को राशन की किट 125 किट दी जा चुकी हैं,एवं लाइट एंड साउंड एसोसिएशन को 111 राशन किट दी गई हैं।

### पिछले वर्ष भी लॉकडाउन में किए गए अभूतपूर्व कार्य

श्री अन्नू द्वारा पिछले वर्ष भी लॉकडाउन के सम्पूर्ण पीरियड में 9 रसोई से 70 दिनों में लगभग 2 लाख लोगों को भोजन कराया गया था। लगभग 1000 राशन किट वितरित की गई थी। प्रतिदिन लगातार वार्ड के 500 से अधिक घरों में सेनेटाइजेशन करवाया गया था। तथा लगभग 6000 मास्क वितरित किये गये। एवं यहाँ रहने वाले नेपाली परिवारों को स्वयं के खर्च पर बस द्वारा नेपाल पहुंचाया गया था।

### संस्कारधानी ऐसे परोपकारी सज्जनों को सदैव याद रखेगी

कोरोना महामारी की विपरीत परिस्थितियों में सन 2020 एवं 2021 में तन-मन-धन से संस्कारधानी के नागरिकों की सेवा करना, अपनी जान की बाजी लगाकर लोगों का दर्द समझने वाले ऐसे परोपकारी सज्जनों को संस्कारधानी सदैव याद रखेगी।



### लोगों के दुख में साथ देने से मुझे शांति मिलती है :अन्नू

जब हमने जगत बहादुर सिंह च्अन्नूज्ञ से उनके सेवाकार्यों के बारे में पूछा तो विनम्र भाव से उन्होंने जवाब दिया मैं मातारानी की कृपा से अपने परिवार के संस्कारों से ही सेवा कर पा रहा हूं । लोगों के दुख में साथ देने से असीम शांति मिलती है। हर बहता आंसू मुझे विचलित कर देता है । मां नर्मदा से प्रार्थना है सभी को सहारा देना और इस बीमारी को शीघ्र समाप्त करना। मेरा मानना है करने वाली मां वैष्णो देवी है, उन्होंने मुझे माध्यम बनाया,सेवा का अवसर मिल रहा है इसके लिए उनके श्री चरणों में दण्डवत।

### जबलपुर वासियों से विनम्र अपील

मेरी जबलपुर के नागरिकों से यही विनम्र अपील है कि कोरोना संकट के इस दौर में संयम और धैर्य का दामन पकड़े रहें। एक-दूसरे के प्रति सहयोग की भावना कायम रखें। सभी लोग वैक्सीनेशन अवश्य कराएं और परिचितों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित भी करें। कोविड गाइडलाइंस का पालन करते हुए बिना मास्क लगाये घर से न निकलें। सैनिटाइजर और साबुन अथवा हैंडवॉश का उपयोग करते रहें। शारीरिक दूरी बनाए रखें। साथ ही सभी राजनीतिक दलों के लोग परस्पर मतभेद भुलाकर एकता के साथ संकट की इस घड़ी में व्यापक जनहित के कार्य करते रहें।



सम्मानीय अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा।

# सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को एसपी ने किया सम्मानित

**जबलपुर, यशभारत।** बेलबाग थाना में पदस्थ दो आरक्षकों को ईमानदारी का तोहफा मिला है। पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनों आरक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मालूम हो कि थाना बेलबाग अंतर्गत घमापुर चौक पर वाहन चैकिंग के दौरान एक पॉलीथीन बैग पड़ा हुआ मिला, जिसमें नगद 10 हजार रुपए एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की 2 पासबुक रखी हुई थी।थाना बेलबाग में पदस्थ उप निरीक्षक नवीन नामदेव, एवं आरक्षक देवेन्द्र उपाध्याय के द्वारा पासबुक धारक के सम्बंध में पतासाजी करते हुये पासबुक धारक व्हीकल फैक्ट्री से रिटायर्ड मोहम्मद सुभान 72 वर्ष निवासी आजाद नगर आधारताल को रुपए एवं पास बुक वापस लौटाया गया। इसी प्रकार अज्ञात चोरों के द्वारा थाना बरगी क्षेत्र अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक शाखा की दीवाल तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया थाना बरगी में पदस्थ उप निरीक्षक लखन चौधरी, तथा आरक्षक संजू जंघेला एवं राहुल भारती के द्वारा सूझबूझ का परिचय देते हुये पतासाजी करते हुये आरोपी शेख आबिद मंसूरी उम्र 19 वर्ष निवासी चरगवॉ एवं संजय उर्फ संजू पटेल उम्र 19 वर्ष निवासी बडा पत्थर गढा को पकड़ा गया। उक्त सराहनीय कार्य के लिये आज पुलिस कन्ट्रोल रूम जबलपुर में पुलिस अधीक्षक जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा (भा.पु.से.) द्वारा उप निरीक्षक लखन चैधरी, तथा आरक्षक संजू जंघेला एवं राहुल भारती , बरगी उप निरीक्षक नवीन नामदेव तथा आरक्षक देवेन्द्र उपाध्याय को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# विजिलेंस की पूछताछ से घबराया सीटीआई, चक्कर खाकर नीचे गिरा

**जबलपुर,यशभारत।** रेल्वे स्टेशन में उस वक्त हड़कंप की स्थिति बन गई जब एक सीटीआई विजिलेंस की कार्रवाई से घबरा गया और चक्कर खाकर नीचे धड़ाम से गिर गया। देखते-देखते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। बेहोश हुए सीटीआई को रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया उसकी हालात सामान्य बताई जा रही है। इस संबंध में सीटीआई प्रीतम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वह साकेत एक्सप्रेस से इलाहाबाद से जबलपुर चेक कर रहे थे वह जैसे ही रात 12-35 बजे जबलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर उतरे ही थे कि रेलवे विजिलेंस टीम द्वारा उनसे पूछताछ करते हुए केस की किताब अपने कब्जे में ले ली। इसके बाद उसे चक्कर आने लगे और कुछ ही देर में वह नीचे गिर गया।

**इलाहाबाद-साकेत एक्सप्रेस से उतरकर जबलपुर पहुंचने पर विजिलेंस की टीम ने की थी पूछताछ**

### पानी पीते ही धड़ाम से गिरा

सीटीआई प्रीतम सिंह ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि विजिलेंस टीम से प्लेटफार्म नंबर 2 के ब्रिज के नीचे 15 मिनट तक चर्चा होने के बाद अचानक चक्कर आने लगे तो है पानी पीने के लिए गया इसी दौरान वह प्लेटफार्म पर ही धड़ाम से गिर गया इसके बाद उसे गंभीर हालत में जीआरपी द्वारा रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया है रेलवे अस्पताल के आईसीयू में भर्ती प्रीतम लाल अन्य जांच चल रही है इस घटना की सूचना उनके द्वारा परिजनों को भी दे दी गई हैं।



# पीड़ित मानवता की सेवा



**जबलपुर।** शहर अनलॉक जरूर हो गया है परंतु अभी वयवस्था सुचारू रुप से चालू नहीं हुई है। गरीब रिकशे वाले अभी भी काम की तलाश मे भूखे सडकों पर घूम रहे है पीड़ित मानवता की सेवा का संकल्प लेते हुए फिर पं दीनदयाल मंडल के उपाध्यक्ष राहुल जैन क्राक्ररी ने रोज की तरह आज पुनः आठ सौ पैकेट खाने का वितरण किया यह टीम मेडिकल बलदेबाग रानीताल मदन महल तीनपत्ती चौक घमापुर बडी स्टेशन होते हुऐ मालवीय चोक फुआरा क्षेत्र मै बांटा गया। इस काम में र्दपण जैन बाबू तनुज गुप्ता राहुल सिंह चोहान गोलडी जैन बबलू जैन कांच राबिल जैन सोनू जैन धीरज जैन मिथलैश बनटी चौधरी आदि शामिल रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण



**जबलपुर।** सुखदुःख परिवार द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर *मनमोहन नगर उद्यान में पीपल, बरगद और जामुन के 15 पौधे रोपकर इन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर पवन तिवारी इंद्रेश दुबे, भोलेशंकर सोनी, मनीष विश्वकर्मा, विक्रम चौधरी, अक्षय शुक्ला, हर्ष तिवारी, गौरव श्रीवास्तव, शैलेन्द्र गौतम, मनोज गुप्ता, दीपक दुबे, नीलकंठ चांदवानी, अप्पू सोनी, राहुल गुप्ता, सौरभ दुबे, विनीता राकेश शर्मा उपस्थित रहे।

# गरीबों को पंजाबी छोले मसाला, पूड़ी और पुलाव

**जबलपुर।** कोरोना महामारी के दौरान कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपने शासकीय दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करते हुए जो लगातार गरीब,असहाय और दिव्यांगों लोगों को खाने की नई नई रेसिपी (व्यंजन) पहुंचकर मानवता की मिसाल पेश की है जिसकी जितनी तारीफ की जाए कम होगी युक्त विचार आज समाजसेवी एवं उद्योगपति कैलाश गुप्ता ने प्रयास,अरनव एजुकेशन सहित बीस संस्थाओं को पंजाबी छोले मसाला,पूड़ी और पुलाव के एक हजार पैकेट सौप गए जिन्होंने शहर के कोने कोने में बसे गरीब बस्तियों में खाना पहुंचायाइस पुनीत कार्य में शुरू से ही कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम परिवार के उमाशंकर अवस्थी के नेतृत्व में सुश्री रानू शर्मा, श्रीमती प्रीति ठाकुर, सुशील कुमार तिवारी, अनिल मरावी, राकेश मून, उमेश यादव, विनोद कोरटकर,जय चंद्र राठौर,विकास चौदहा,दीपक अहिरवार, राजेश गौड़ और महेंद्र कुमरे,गीता चौबे,अनीता पटेल आदि का सहयोग रहा।

# जूडा की हड़ताल समाप्त

## सरकार और जूनियर डॉक्टरों में बनी सहमति



**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से चल रही जूनियर डाक्टरों एसोसिएशन( जूडा) की हड़ताल खत्म हो गई है। सोमवार सुबह जूनियर डाक्टरों ने अपनी मांगों को लेकर मंत्री विश्वास सारंग से मुलाकात की और इस पर लिखित आदेश जारी करने को कहा। सरकार और जूनियर डाक्टरों में सहमति बनने के बाद हड़ताल खत्म हो गई। इसके बाद जूडा के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार की ओर से लिखित आदेश आते ही वे काम पर वापस लौट आएंगे। मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि जूनियर डाक्टरों के स्टायपंड में 17 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी। आज उन्होंने हमारे अनुरोध पर हड़ताल समाप्त कर दी है।

# पीएससी की 20 जून की परीक्षा संभव नहीं

## नया कैलेंडर आएगा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग-2021 की स्थगित और लंबित परीक्षाओं का नया कैलेंडर जल्द जारी होगा। इसके लिए पीएससी प्रबंधन जल्द बैठक करेगा। इसी बैठक में राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2020 के बारे में भी निर्णय लिया जाएगा। परीक्षा 20 जून को होना है, लेकिन जिस तरह हिमाचल प्रदेश सहित अन्य राज्यों में परीक्षाएं आगे बढ़ाई गईं, उसके बाद यहां भी आगे बढ़ाने की तैयारी चल रही है। चूंकि एग्जाम में साढ़े 3 लाख अभ्यर्थी शामिल होना हैं, इसलिए 20 जून को परीक्षा होना संभव नहीं दिख रही। प्रदेश के सारे जिलों में सेंटर बनाए जाना हैं। कोविड की तीसरी लहर की आशंका के बीच इतनी बड़ी संख्या के अभ्यर्थियों की परीक्षा करवाना आसान नहीं होगा। यह परीक्षा पहले 11 अप्रैल को आयोजित की जाना थी, लेकिन कोविड संक्रमण के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। कुल 260 पदों के लिए यह परीक्षा होना है।

# इंदौर और लखनऊ के लिए फिर चलेगी ओवरनाइट-चित्रकूट एक्सप्रेस




कोरोना काल के दौरान कई ट्रेनों को बंद करना पड़ा था जिन्हें अब पुनः शुरू किए जाने की तैयारियां चल रही हैं। पहले चरण में जबलपुर से इंदौर के बीच चलने वाली सबसे महत्वपूर्ण ट्रेन ओवरनाइट फिर शुरू होगी। इसके साथ ही जबलपुर-लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस को भी दोबारा चलाया जाएगा। जबलपुर रेल मंडल ने दोनों ट्रेनों को चलाने के लिए रेलवे बोर्ड से स्वीकृति मांगी है। मंडल ने ट्रेन चलाने का प्रस्ताव तैयार कर पश्चिम मध्य रेलवे जोन के माध्यम से बोर्ड को भी भेज दिया हैं। संभावना है कि इस सप्ताह तक इन ट्रेनों को जबलपुर से फिर चलाना शुरू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही जबलपुर से रीवा, सिंगरौली और अंबिकापुर जाने वाले यात्रियों के लिए भी अच्छी खबर है। इस रूट पर चलने वाली इंटरसिटी ट्रेनों को दोबारा शुरू किया जा रहा है।

**जबलपुर, । रेल यात्रियों के लिए अच्छी खबर आ रही है कि संभवत :इसी हफ्ते से ओवरनाइट-चित्रकूट एक्सप्रेस, जबलपुर से रीवा, सिंगरौली और अंबिकापुर एक्सप्रेस इंटरसिटी ट्रेनें फिर पटरी पर दौड़ेंगी। सीनियर डीसीएम विश्वरंजन ने बताया कि जबलपुर रेल मंडलहाल ही में ट्रेनों में यात्रियों की संख्या बढ़ी है। रिजर्वेशन और जनरल, दोनों कोचों में यात्री में इजाफा हो रहा है, जिसे देखते हुए हमने पांच ट्रेनों को फिर शुरू करने के लिए स्वीकृति मांगी है। हमारी तैयारी पूरी है, जैसे ही स्वीकृति मिलेगी, हम ट्रेनों को फिर से चलाना शुरू कर देंगे।**

कोरोना काल की दूसरी लहर जैसे ही धीमी पड़ी, ट्रेनों में एक बार फिर यात्रियों की संख्या बढ़ने लगी है। जिन रूट की ट्रेनों को बंद किया गया, वहां लंबी दूरी की ट्रेनें चल रही थीं, जिनमें अब यात्रियों की तादात बढ़ने लगी है। अप्रैल अंत से मई माह के दौरान जहां यात्रियों की संख्या 10 से 15 फीसदी हो गई थी, वहीं एक जून के बाद ट्रेनों में 65 से 70 फीसदी तक संख्या बढ़ गई है। कमर्शियल विभाग लगातार यात्रियों की संख्या पर नजर रखे हुए है।

### यह ट्रेनें हैं अभी बंद

जबलपुर—हबीबगंज इंटरसिटी
जबलपुर—इंदौर ओवरनाइट एक्सप्रेस
जबलपुर—नागपुर अमरावती एक्सप्रेस
जबलपुर—लखनउ चित्रकूट एक्सप्रेस
जबलपुर—रीवा इंटरसिटी
जबलपुर—सिंगरौली इंटरसिटी
जबलपुर— अंबिकापुर इंटरसिटी
जबलपुर—पुणे स्पेशल
जबलपुर—यशवंतपुर
जबलपुर—मुंबई स्पेशल
जबलपुर—हावड़ा हमसफर
जबलपुर—हरिद्धार स्पेशल

यह ट्रेनें पहले होगी शुरू

जबलपुर—लखनउ चित्रकूट एक्सप्रेस
जबलपुर—इंदौर ओवरनाइट
जबलपुर— रीवा, सिंगरौली और अंबिकापुर इंटरसिटी

# भोपाल में दुकानें न खोलने पर बाजारों में उतरे व्यापारी, दी चेतावनी

**भोपाल।** कोरोना कर्फ्यू में सीमित छूट के साथ राजधानी भोपाल के बाजार खोल दिए गए हैं। किराना समेत अन्य आवश्यक सेवाओं को छूट के दायरे में रखा गया है, लेकिन कपड़ा, बर्तन, सराफा समेत अन्य कारोबारियों को दुकानें खोलने की अनुमति नहीं दी गई है। ऐसे में सोमवार सुबह 11 बजे व्यापारी खुद ही दुकानें खोलने के लिए बाजारों में उतर गए। पुराने शहर के करीब एक दर्जन व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने लखेरापुरा, चौक व सराफा बाजार में एकत्रित होकर विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि जब पूरे प्रदेश में सभी दुकानें खोलने की अनुमति दे दी गई है तो भोपाल में क्यों नहीं? जबकि यहां कोरोना का संक्रमण लगातार कम हो रहा है। दुकानें न खुलने से कारोबार ठप हो गया है। व्यापारी के साथ दुकानों पर काम करने वाले हजारों कर्मचारी भी बेरोजगार हो गए हैं। ओल्ड भोपाल होलसेल रेडिमेड एसोसिएशन, राजधानी व्यापारी संघ, आजाद मार्केट व्यापारी संघ, चौक वस्त्र व्यवसायी संघ, इब्राहिमपुरा व्यवसायी संघ, लोहा बाजार व्यापारी



संघ, चूड़ी व्यवसायी संघ, होलसेल कॉस्मेटिक संघ, राजधानी वस्त्र व्यापारी संघ आदि संगठनों से जुड़े 100 से अधिक व्यापारी विरोध प्रदर्शन करने के लिए चौक, लखेरापुरा व सराफा बाजार में एकत्रित हुए। वे चौक बाजार स्?थित पुलिस चौकी भी पहुंचे। उन्?होंने कहा कि दो महीने से दुकानें बंद हैं। इस कारण कारोबार ठप हो गया है, जबकि हजारों रुपये के बिजली के बिल, दुकान का किराया चढ़ गया है। कर्मचारियों को तनख्वाह भी देना है। ऐसी स्थिति में क्या करें समझ नहीं आ रहा है। सरकार एवं जिला प्रशासन से भी लगातार मांग कर रहे हैं। फिर भी कोई हल नहीं निकला है। इसलिए बाजारों में विरोध करने के लिए उतरना पड़ा है।

### दोपहर दो बजे तक का दिया अल्टीमेटम


ओल्ड भापाल होलसेल रेडिमेड एसोसिएशन के सचिव मनोज जैन ने बताया कि प्रशासन व सरकार को दोपहर दो बजे तक निर्णय लेने का अल्टीमेटम दिया है। इसके बाद भी कोई निर्णय नहीं लिया गया तो हम खुद ही दुकानें खोल लेंगे।

# 15 जून से समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी मूंग

**भोपाल।** प्रदेश में 15 जून से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग की खरीद होगी। इसके लिए किसानों का पंजीयन आठ जून से किया जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देर शाम अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद यह निर्णय लिया। वहीं, यह भी तय किया गया कि चना की समर्थन मूल्य पर खरीद 15 जून तक जारी रहेगी। केंद्र सरकार ने मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए 34 हजार टन की अनुमति दी थी। प्रदेश में हरदा, होशंगाबाद, नरसिंहपुर सहित अन्य जिलों में छह लाख हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में मूंग की खेती की गई है। क्षेत्रफल और अच्छे उत्पादन की संभावना को देखते हुए कृषि विभाग ने डेढ़ लाख टन मूंग की खरीद का प्रस्ताव केंद्रीय कृषि मंत्रालय को भेजा था लेकिन अनुमति कम की मिली। इसे देखते हुए फिर से प्रस्ताव भिजवाया गया है। बताया जा रहा है कि इसे अनुमति मिल गई है। उधर, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक में मूंग की खरीद करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि मूंग की गिरती कीमतों से किसान चिंतित न हों। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद की जाएगी। चने की खरीद की अंतिम तारीख भी 15 जून कर दी है। कृषि मंत्री कमल पटेल ने बताया कि सात हजार 196 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से मूंग खरीदी जाएगी। इससे न सिर्फ बाजार में तेजी आएगी बल्कि किसानों को उपज का उचित मूल्य भी मिलेगा।



# भोपाली के घर का बिजली बिल आया 36 लाख रुपये, विद्युत कंपनी ने स्वीकारी गड़बड़ी



**भोपाल।** विद्युत उपभोक्ताओं को अक्सर बिजली बिलों में गड़बड़ी के झटके लगते रहते हैं। ताजा मामला भोपाल के मशहूर शायर मंजर भोपाली का है, जिनके घर का बिजली बिल 36 लाख 86 हजार 660 रुपए आया है। यह बिल मई महीने की खपत का है, जिसे शायर ने रविवार इंटरनेट मीडिया पर साझा कर उनके साथ मजाक बताया है। वहीं बिजली कंपनी ने कहा कि रीडिंग लेने में मीटर रीडर से चूक हुई थी, जिसे तीन दिन पहले चार जून को सुधार दिया था। वास्तविक खपत 900 यूनिट है, जिसका बिल करीब 11000 रुपए है। यह जानकारी मंजर भोपाली को दे दी गई है। बिजली कंपनी ने हाल में मीटर रीडर बदले हैं। नया रीडर रीडिंग लेने चार जून को पहुंचा था। बिजली कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक मंजर भोपाली के घर पर मीटर 15 फीट ऊपर लगा है। मीटर रीडर ने ठीक से रीडिंग देखने की बजाय नीचे से रीडिंग देखी थी। इस तरह उसने अभी तक की कुल खपत यूनिट 44 हजार को 4 लाख पढ लिया था, लेकिन उसे लगा कि इतनी खपत नहीं हो सकती तो उसने बिल की हार्ड कॉपी नहीं दी थी। यह भी बताया था कि बिल की जांच करने के बाद हार्ड कॉपी दी जाएगी। हालांकि मीटर रीडिंग को ऑनलाइन व्यवस्था के तहत जोड़ा गया है, इसलिए रीडिंग लेते ही यह बिल तुरंत ऑनलाइन हो गया। जिसका मैसेज ऑनलाइन बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं के पास पहुंच जाता है।

### मंजर भोपाली ने इंटरनेट मीडिया पर डाली है यह पोस्ट

एमपी गजब है, सब से अजब है। इस नारे की सच्चाई 36,86,660 रुपए का यह मेरे घर का एक महीने (मई) का बिल दर्शाता है। इस तरह का मजाक कोरोना काल में एक शायर के लिए ठीक नहीं है। लॉकडाउन और कोविड की वजह से शायर के कलम की स्याही तक सूख चुकी है। ऐसे में यह 36 लाख रुपए कहां से भरे जाएं? ये बिल रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचारी का खुला दावतनामा है। हमें भी पता है कि किसी उपभोक्ता का एक महीने का घरेलू बिजली बिल 36 लाख रुपए का किसी भी स्थिति में नहीं हो सकता। यह साफ तौर पर रीडिंग लेने में चूक है, जिसे रीडिंग लेने के तुरंत बाद स्वीकार कर लिया था और उसी दिन सुधार की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। मैंने खुद मंजर भोपाली से दूरभाष पर बात करके पूरी जानकारी दे दी है। **-डीके तिवारी, मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, भोपाल**

# रिश्तेदार बनकर हवलदार को मोबाइल पर लिंक भेजी और खाते से उड़ा लिए 25 हजार



**भोपाल।** बिलखिरिया के कान्हा सैंया में स्थित सीएपीटी बैरक के हवलदार देवेंद्र सिंह के खाते से एक जालसाज ने 25 हजार रुपये निकाल लिए। जालसाज ने खुद को उनका रिश्तेदार बताया था। जब हवलदार को उसकी बातों पर यकीन नहीं हुआ तो जालसाज ने यकीन दिलाने के लिए उनके मोबाइल पर एक पीडीएफ फाइल में अन्य रिश्तेदारों की फोटो भेजने का झांसा दिया। लिंक खोलते ही हवलदार के खाते से यह रकम कट गई थी। बिलखिरिया थाना प्रभारी उमेश सिंह चौहान ने बताया कि हवलदार के पास 20 जनवरी 2021 को इस संबंध में कॉल आया था। खाते से रकम गायब होने के बाद पीड़ित ने तीन-चार बार जालसाज को कॉल कर अपनी रकम वापस मांगी, लेकिन वह हर बार टालता गया। इसके बाद उन्होंने इसकी शिकायत साइबर क्राइम में की थी। जांच के बाद बिलखिरिया पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। इधर, अवधपुरी में वेदवती बीडीए कालोनी निवासी बीना मोदेकर से उपहार का लालच देकर ठगी की गई। बीती दिवाली पर उनके पास एक कॉल आया था। जालसाज ने दिवाली का गिफ्ट भेजने के बहाने उन्हें एक लिंक भेजी। जब उन्होंने इस लिंक को क्लिक किया, तो उनके खाते से 11 हजार रुपये निकल गए। उन्होंने साइबर सेल में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी क्वद्धश्वश्चड्डद्य ष्टह्लद्बद्वद्ग ह्द्ग2ह्य- भेल के सेवानिवृत्त अधिकारी से केवायसी अपडेट कराने के बहाने 10 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी

# भेल के सेवानिवृत्त अधिकारी से केवायसी अपडेट कराने के बहाने 10 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी



**भोपाल।** इंद्रपुरी पिपलानी में रहने वाले भेल के एक सेवानिवृत्त अधिकारी के साथ ठगी का मामला सामने आया है। शातिर ठग ने केवाइसी अपडेट कराने के नाम पर फोन पर पूरी जानकारी ली और बाद में 28 बार में उनके बैंक खाते से करीब 10.40 लाख रुपये निकाल लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार डीएन पाठक (75) भेल के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं और सी सेक्टर इंद्रपुरी में अपने परिवार के साथ में रहते हैं। चार जून की दोपहर को उनके मोबाइल पर एक मैसेज आया था। उसमें लिखा था कि आप अपना केवाइसी अपडेट करें। इस संदेश के साथ एक मोबाइल नंबर भी दिया था। उसी दिन शाम को उनके नंबर पर एक कॉल आया और आरोपित ने खुद को उसी बैंक ब्रांच का प्रबंधक बताकर उनसे केवाइसी अपडेट करने के बहाने आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासबुक जानकारी, चेक बुक नंबर, बैंक में दर्ज मोबाइल नंबर, एटीएम कार्ड का नंबर समेत तमाम जानकारी ले ली थी। आरोपित ने उनसे कहा कि आपका केवाइसी अपडेट हो गया है, आपके मोबाइल पर एक ओटीपी नंबर भेजा है, उसे बता दें। उन्होंने वह ओटीपी नंबर भी बता दिया। बाद में उनके खाते से करीब 10 लाख 40 हजार की रकम निकाल ली गई। यह जानकारी मिलते ही वह घबरा गए और परिजनों को पूरा घटनाक्रम बताया। बैंक खाता ब्लॉक कराया। शनिवार को पीड़ित परिजनों के साथ साइबर क्राइम ब्रांच पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

### साइबर क्राइम ब्रांच जांच में जुटी

साइबर क्राइम ब्रांच ने इस मामले की जांच में पाया कि आरोपित ने पीड़ित के बैंक खाते और कार्ड की ओटीपी लेने के बाद यूपीआइ एप के माध्यम से रकम निकाली है। वह लगातार ट्रांजेक्शन कर रहा था। इस मामले में बैंक से जानकारी मांगी है। साइबर क्राइम के पास मोबाइल नंबर है, उससे वह आरोपित तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।



# वृदांवन बराहघाट के रामप्रवेश दास महाराज को गुफा मंदिर के महंत की गद्दी पर बैठाया

**भोपाल ।** रविवार को शहर के प्राचीन मंदिर गुफा मंदिर के नए महंत के तौर पर वृदांवन बराहघाट के रामप्रवेश दास महाराज के नाम के ऐलान के बाद आज सुबह उन्?हें महंत की गद्दी पर बैठाया गया। विधि-विधान से पूजा-पाठ व तिलक करके परंपरानुसार उन्?हें नए महंत का दायित?व सौंपा गया। इस कार्यक्रम में सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और विधायक रामेश?वर शर्मा भी पहुंचे। उनके अलावा शहर भर के साधु-संत शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने लालघाटी क्षेत्र का नाम गुफा मंदिर के पहले महंत नारायणदास त्यागी के नाम किए जाने की बात कही। वहीं हलालपुर बस स्टैंड का भी नमा बदलने का ऐलान किया है। इसके लिए सांसद जल्द ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखेंगी। गुफा मंदिर ट्रस्ट ने विमलदास त्यागी को कार्यकारी महंत बनाया है। उनका भी स्वागत किया गया। बता दें कि गुफा मंदिर के नए महंत के चयन को लेकर विवाद चल रहा था। चार से पांच नाम चले थे। इसके बाद दो नाम सामने आए। पहले महंत चंद्रमादास त्यागी के उत्तराधिकारी रहे विमलदास त्यागी और दूसरा नाम उज्जैन के महंत काशीदास त्यागी का था। इन दोनों नामों पर भी विवाद हो गया।



# अनलॉक के पहले हफ्ते में 20 फीसद बसें ही सड़कों पर दौड़ रहीं

**भोपाल।** प्रदेश के साथ-साथ राजधानी भोपाल में अनलॉक की प्रक्रिया शुरू हुए छह दिन बीत गए हैं, लेकिन यात्री परिवहन सेवा अभी भी पटरी पर नहीं लौट पा रही है। आलम यह है कि अभी तक 20 फीसद ही यात्री बसें सड़कों पर दौ़ड रही हैं। राजधानी के आइएसबीटी, नादरा, हलालपुर, पुतलीघर से आम दिनों में इंदौर, बैतूल, विदिशा, ब्यावरा, सागर मार्ग पर 740 बसों की आवाजाही होती थी। लॉकडाउन में 10 फीसद ही बसों का संचालन हुआ। अनलॉक के छह दिनों में 10 फीसद ही बसों का संचालन ब़ढ कर 20 फीसद हो गया, लेकिन तेजी से बसों का संचालन नहीं ब़ढ सका। दरअसल निजी बस संचालक शासन से लॉकडाउन की समयावधि का मासिक टैक्स माफी की मांग पर अ़डे हुए हैं। ऐसे में कई बस संचालक बसों का संचालन नहीं कर रहे हैं। वहीं एक और कारण यह भी है कि अनलॉक में भी लोग अधिक संख्या में शहर से बाहर नहीं निकल रहे हैं। महज 10 से 12 फीसद यात्री मिलने से निजी बस मालिक बसों का संचालन नहीं कर हैं। मप्र प्राइम रूट बस एसोसिएशन के अध्यक्ष गोविंद शर्मा ने बताया कि हमने एक साल तक बसों का मासिक टैक्स माफी की मांग की थी। शासन लॉकडाउन के समय का भी टैक्स माफ नहीं कर रहा है। कोरोना की पहली लहर में पांच महीने का टैक्स माफ करके शासन ने बस मालिकों को ब़डी राहत दी थी। दूसरी लहर में यात्री परिवहन सेवा ठप हो चुकी है। अनलॉक में भी यात्री नहीं मिल रहे। डीजल के दाम ब़ढ गए हैं। घाटे में बसों का संचालन नहीं कर सकते हैं, इसलिए 100 फीसद बसों का संचालन नहीं हो पा रहा है।

### पहले इतनी बसें चलती थीं


- 180 नादारा बस स्टैंड
- 200 आइएसबीटी से
- 160 हलालपुर बस स्टैंड से
- 120 पुतलीघर बस स्टैंड
- 75 सूत्र सेवा की बसें

**नोट - बसों के संचालन की जानकारी अलग-अलग बस मालिकों से मिली जानकारी के अनुसार दी गई है। अंतर संभव है।**

### अब इतनी चल रहीं

- 35 बसों का संचालन नादरा बस स्टैंड
- 60 बसें आइएसबीटी से
- 40 बसें हलालपुर से
- 20 बसें पुतलीघर से
- 35 बसें सूत्र सेवा की।
- 06 बसें बीसीएलए की वॉल्वो इंदौर मार्ग पर।

# भोपाल में आज 160 केंद्रों पर 18 से ऊपर वालों को लगेगा कोरोना का टीका



**भोपाल।** राजधानी भोपाल में सोमवार को 18 से 44 साल के उम्र वर्ग के लोगों को 160 केंद्रों पर कोरोना से बचाव के टीके का पहला और दूसरा डोज लगाया जाएगा। इनमें 19 केंद्रों पर कोवैक्सीन और बाकी केंद्रों पर कोविशील्ड टीका लगाया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि हर केंद्र पर सौ लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य है। ऑनलाइन बुकिंग के बाद भी हितग्राही नहीं आए तो शाम चार से पांच बजे के बीच मौके पर पहुंचे लोगों को टीका लगाया जाएगा। हालांकि, हर केंद्र में अधिकतम 20 लोगों को ही बिना ऑनलाइन बुकिंग के टीका लगाया जा सकेगा। उधर, रविवार को अवकाश होने के बाद भी प्रदेश में कुछ विशेष टीकाकरण सत्र लगाए गए। राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. संतोष शुक्ला ने बताया कि रविवार को एक लाख 25 हजार 920 लोगों को टीका लगाया गया। इसमें 18 साल से ऊपर के पहला डोज लगवाने वाले 1,11,293 और दूसरा डोज लगवाने वाले 502 लोग शामिल हैं। बाकी 45 साल से ऊपर वाले थे। प्रदेश में अब तक पहला और दूसरा मिलाकर कुल 1,26,38,577 डोज लग चुके हैं ।

### दूसरा डोज लगवाने के लिए ऑनलाइन बुकिंग जरूरी

राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर संतोष शुक्ला ने बताया कि 18 से 44 साल के लोगों को कोरोना का दूसरा डोज लगवाने के लिए पहले डोज की तरह ऑनलाइन बुकिंग करनी होगी। बिना बुकिंग किए हितग्राहियों को शाम 4 से 5 बजे के बीच तभी टीका लग पाएगा, जब डोज मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि नगर निगम के अधीन टीकाकरण की कुछ टीम दी गई हैं, जो कॉलोनियों में जाकर 18 से 44 साल के लोगों को पहला डोज लगा रही हैं। बिना पंजीयन कोई भी हितग्राही ना रह जाए, इसलिए टीका लगवाने का पहले कोविन पोर्टल पर पंजीयन जरूर किया जाता है।

# बैरागढ़ से गांधीनगर तक पाइप लाइन बदलने का प्रस्ताव अटका, आए दिन लीकेज से परेशानी

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के उपनगर बैरागढ़ से गांधीनगर की ओर जाने वाली पाइप लाइन जर्जर होने से आए दिन लीकेज हो रहा है। यह लाइन संत हिरदारामजी की कुटिया के पीछे स्थित रेल पटरियों के नीचे से गुजरकर गांधीनगर पहुंचती है। इस लाइन को बदलने के प्रस्ताव को अभी तक स्वीकृति नहीं मिल सकी है।गौरतलब है कि तीन माह पहले यह लाइन अचानक टूट गई थी। इससे गांधीनगर की पेयजल सप्लाई बाधित हुई थी। नागरिकों को बेहद परेशान होना पड़ा। शिकायत के बाद नगर निगम ने इसकी मरम्मत कर दी, लेकिन कुछ दिन बाद फिर से लीकेज शुरू हो गया। हाल ही में यही लाइन मेन रोड छोर से क्षतिग्रस्त हो गई। नगर निगम के जल कार्य विभाग ने आनन-फानन लीकेज तो सुधार दिया, लेकिन लाइन जर्जर होने के कारण फिर से लीकेज होने की आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता। यह पाइप लाइन बोरबन स्थित जल शोधन संयंत्र से होकर यहां तक पहुंचती है। बार-बार लीकेज के कारण ही इसे बदलने का प्रस्ताव बनाया गया था।

# किसानों के हित में एक और बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर रही!



**भोपाल।** किसानों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए शिवराज सरकार किसान हित में एक और बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर रही है। इसके तहत छोटी जोत (पांच एकड़ तक) के किसानों के फसल बीमा का प्रीमियम सरकार अपनी ओर से जमा करा सकती है। इससे न सिर्फ उन्हें प्राकृतिक आपदा के समय सुरक्षा चक्र मिल जाएगा बल्कि ज्यादा से ज्यादा किसान फसल बीमा के दायरे में भी आ जाएंगे। अभी छोटी जोत के किसान बीमा कम करवा पाते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए पिछले दिनों मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समीक्षा की थी जिसमें यह बात सामने आई है। फसल बीमा योजना के लिए सरकार नई योजना लागू करने की तैयारी में जुटी है। प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ 40 फीसद किसानों को ही मिल पाता है। योजना के ऐच्छिक होने की वजह से छोटी जोत के किसान बीमा नहीं कराते हैं। जब प्राकृतिक आपदा से फसल प्रभावित होती है तब उन्हें योजना में राहत नहीं मिल पाती है और आर्थिक सहायता करने का पूरा बोझ सरकार पर आ जाता है। सरकार ने तय किया है कि योजना को और प्रभावी बनाया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान इसके दायरे में आ जाएं और बीमा का दावों का भुगतान भी समय पर हो जाए। कृषि मंत्री कमल पटेल ने बताया कि योजना में किसान को खरीफ फसलों के लिए दो और रबी फसलों का बीमा कराने के लिए डेढ़ प्रतिशत प्रीमियम देना होता है। दो-तीन एकड़ भूमि वाले किसान यह राशि भी जमा नहीं कर पाते हैं। बीमा योजना का लाभ अधिकांश बड़ी जोत वाले सक्षम किसान उठाते हैं। जबकि, योजना का मकसद सभी किसानों को प्राकृतिक आपदा के जोखिम से सुरक्षित करने का है। यही वजह है कि अब विचार यह किया जा रहा है कि छोटी जोत वाले किसानों का प्रीमियम सरकार जमा कर दे। इससे न सिर्फ योजना का दायरा बढ़ जाएगा बल्कि क्रियान्वयन भी आसान हो जाएगा क्योंकि कई बार यह शिकायत आती है कि किसान ने प्रीमियम की राशि जमा कर दी पर बैंकों से वह बीमा कंपनी तक नहीं पहुंचे। ऐसे मामलों के निराकरण में काफी समय लग जाता है।

### बराबर अनुपात में केंद्र और राज्य सरकार देती है प्रीमियम राशि

बीमा कंपनियों को किसान के हिस्से के अलावा बीमा प्रीमियम की राशि केंद्र और राज्य सरकार बराबर अनुपात में देती हैं। प्रदेश में लगभग एक करोड़ दो लाख किसान हैं। कृषि मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अधिक से अधिक किसानों को लाभ दिलाने के लिए पिछले साल न सिर्फ वनाधिकार पट्टे वाले किसानों का बीमा कराया गया बल्कि रविवार को भी राष्ट्रीयकृत बैंक खुलवाकर प्रीमियम राशि जमा कराई गई थी।

### लाखों किसानों को मिलता है बीमा

पिछले साल आठ लाख 40 हजार किसानों को खरीफ फसल 2018 के लिए एक हजार 921 करोड़ रुपये का बीमा दिलाया गया। वहीं, छह लाख 60 हजार किसानों को रबी फसल 2018-19 के लिए एक हजार 60 करोड़ रुपये का बीमा दिलाया गया। खरीफ फसल 2019 के लिए लगभग 22 लाख किसानों को चार हजार 686 करोड़ रुपये का बीमा दिया गया है।

# आपदा कोष से होगा आक्सीजन परिवहन पर हुए व्यय का भुगतान



**भोपाल।** कोरोना की दूसरी लहर में रेमडेसिविर सहित अन्य इंजेक्शनों की जरूरत को देखते हुए सरकार ने जहां से भी इंतजाम हुआ, वहां से खरीद की। इसके लिए कंपनियों को सीधे क्रय आदेश दिए गए। राशि का भुगतान भी मुख्यमंत्री सहायता कोष से किया गया। वहीं, आक्सीजन की व्यवस्था के लिए रेल और वायु मार्ग से टैंकर लाए और ले जाए गए। इसमें हुए खर्च का भुगतान भी राज्य आपदा कोष से किया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग कैबिनेट में प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा। इंजेक्शनों के लिए लगभग 35 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रस्तावित बैठक में स्वास्थ्य विभाग कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए किए गए इंतजामों के भुगतान संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा। विभाग ने कोरोना की दूसरी लहर में मरीजों को मई अंत तक 2.28 लाख रेमडेसिविर इंजेक्शन की जरूरत का आकलन किया गया था। एक लाख 30 हजार इंजेक्शन माइलेन लैब बिना निविदा के एक हजार 568 रुपये प्रति नग के हिसाब से खरीदे गए। इसके लिए 20.38 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि मुख्यमंत्री राहत कोष से दी गई। इसी तरह केडिला से 49 हजार 560 इंजेक्शन 805 रुपये प्रति नग के हिसाब से खरीदे गए। बालाघाट, छिंदवाड़ा, दतिया, जबलपुर, बड़वानी, शहडोल, सतना और भोपाल के काटजू सिविल अस्पताल में आक्सीजन संयंत्र की स्थापना के लिए कोयंबटूर की मेसर्स ट्राइडेंट न्यूमेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड को दो करोड़ 94 लाख रुपये सहित अन्य कार्यों के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष से राशि दी गई। इसके अनुमोदन का प्रस्ताव कैबिनेट में रखा जाएगा। इसके साथ ही मेडिकल आक्सीजन टैंकरों के परिवहन पर होने वाला व्यय राज्य आपदा कोष से देने संबंधी प्रस्ताव रखा जाएगा।

# नाती को बचाने गए दादा को युवकों ने मारी ईट: मौत

**दमोह जिले के तेंदूखेडा थाना अंतर्गत आने वाले सांगा गांव का मामला पुलिस जांच में जुटी**



तेन्दूखेडा/दमोह। तेंदूखेडा थाना अंतर्गत आने वाले सांगा गांव में शनिवार रात अपने नाती को बचाने गए उसके दादा को विवाद कर रहे युवकों में से एक युवक ने ईंट मार दी जिससे आई गंभीर चोटों के कारण उसकी मौत हो गई मृतक की पहचान नारायण अहिरवार (70) वर्ष के रूप में हुई है स्थानीय पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है मृत नारायण के बेटे रवि अहिरवार ने बताया शनिवार रात करीब 9 बजे उनका बेटा अशोक अपने चाचा के घर मोबाइल चार्ज करने जा रहा था तभी गांव के वीरेंद्र अहिरवार हल्लाई अहिरवार व उनके दो अन्य साथियों ने उसे रोका जब अशोक नहीं रुका तो वह विवाद करने लगे उसी समय पिता नारायण पहुंचे और उन्हें विवाद नहीं करने की बात कहते हुए नाती अशोक को डांट फटकार कर घर वापस भेज दिया बाद में चारों आरोपी मेरे पिता के साथ विवाद करने लगे और उनमें से तीन ने उन्हें पकड लिया एवं चौथे ने पास में पडी ईट उठाकर उनके सिर में मार दी गंभीर रूप से घायल होकर वह जमीन पर गिर गए स्थानीय लोग 108 एम्बुलेंस से नारायण को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया

### उनका कहना

इस संबंध में तेन्दूखेडा थाना प्रभारी सुषमा श्रीवास्तव ने कहा आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है पूछताछ में विवाद का कारण जुआ बताया जा रहा है मामले की विवेचना जारी है।

# किसान विरोधी कानून की प्रतियां जलाकर किया विरोध

**सिहोरा।** भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष एडवोकेट रमेश पटेल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार ग्राम जुनवानी में किसानों ने कृषि कानून की प्रतिया जलाकर नए कृषि कानून का विरोध किया ज्ञात हो गत वर्ष 5 जून को केंद्र सरकार द्वारा किसान विरोधी अध्यादेश लाया गया था जिनका विरोध सम्पूर्ण भारत के किसान एवं किसान संगठन कर रहे है, तथा दिल्ली के सभी प्रेदेशो की बॉर्डर पर आंदोलन कर संघर्षरत है, आज 5 जून को सम्पूर्ण राष्ट्र में किसान क्रांति दिवस के अवसर पर तीनो केंद्रीय कृषि क़ानून वापस किये जाने की पुरजोर मांग करते हुए तीनो काले क़ानून की प्रतिया जलाकर अपना विरोध प्रदर्शन किया।

# वैक्सीनेशन से जागरूक करने को लेकर की बैठक आयोजित



तेन्दूखेडा/दमोह। निरंतर दमोह एसपी डी आर तैनीवार की सक्रियता द्वारा पुलिस बल को एक्टिव एवं शहर सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में असामाजिक तत्व पर अपना प्रभाव बनाए रखने को लेकर की तेजगढ़ पुलिस थाना प्रभारी बृजेश पांडे ने जिला एस पी महोदय डीआर तैनीबर के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ आज 6जून? को शाम पांच बजे बैठक आयोजित हुई। जिसमें कोबिड महामारी से बचाव के लिए शासन के निर्देशों का पालन करने आम नागरिकों को वैक्सीनेशन कराने सहयोग करने के लिए एवं गैर कानूनी तरीके से काम करने वाले लोगों असामाजिक तत्वों की गतिविधियों की सूचना पुलिस कार्यवाही में सहयोग देने कहा गया।बैठक में मंडल अध्यक्ष भारत सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष लखन यादव डॉ के आर सोनी डॉ अनूप सिंह लोधी भोजराज जैन गंगाराम बंसल अनिल जैन अशोक जैन हर्रई सरपंच अमान सिंह हिनौती अशोक जैन गुड्डा सेठ झलौन अखंड प्रताप सिंह पुरा सरपंच राजेंद्र जैन दिनारी आदि थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# सेहरी ग्राम में 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ



**तेंदूखेड़ा।** ब्रम्हांड नायक सच्चिदानंद स्वरूप युगपुरुष श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशा निर्देशन पर लोगों में लगातार नशा मुक्ति मांसाहार मुक्ति तथा चरित्र बान का जीवन यापन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है गुरुवर श्री के शिष्य लगातार इनकी दिशा निर्देशों में कार्य करके लोगों को नशा मुक्त बना रहे हैं इस भयावह कलयुग में लोग अपना धर्म तथा कर्म भूलकर राक्षस प्रवृत्ति का होने लगा है तो इसी दुर्दशा को देखकर गुरुवर श्री लोगों के बीच 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ 5 घंटे के अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ तथा आरती क्रमो के माध्यम से सुधार कर रहे हैं इसी क्रम में सेहरी ग्राम चेत्र नवरात्रि की पावन बेला में माता आदिशक्ति जगत जननी जगदंबा का 24 घंटे का अखंड श्री डुएगा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया जिस के आयोजक श्री मुकेश यादव जी रहे।

# लाखों के शौचालय गायब सरपंच सचिव ने किया जमकर भ्रष्टाचार

**दमोह जिले की तेन्दूखेडा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत धनगोर का मामला- 2018-19 में बनाए गए शौचालय जमीनी हकीकत से गायब**



**तेंदूखेडा।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बनाये जाने वाले शौचालय के पीछे शासन की मंशा थी कि ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को खुले में शौच से मुक्त मिलेगी ताकि महिलाओं को शर्मिंदगी का सामना नहीं करना पडे और उन्हें सम्मान से जीने का हक हासिल हो सकें लेकिन दमोह जिले तेन्दूखे?ा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पँचायत धनगोर में सरपंच सचिव की लापरवाही के कारण शासन की यह सम्मान और स्वच्छता प्रदान करने वाली योजना ग्रामीणों के लिए वरदान न होकर अभिशाप का सबब बन गई है तेन्दूखेडा जनपद की ग्राम पंचायत धनगोर में बने अधूरे और खंडहर शौचालय देखकर तो यही लगता है कि जिम्मेदार पदों पर बैठे कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के लिए यह योजना केवल ग्रामीणों को बहला फुसलाकर और कागजों में बनाकर सिर्फ भ्रष्टाचार का जरिया ही है

### ग्राम पंचायत के लोगों ने जताई आर्थिक गडबडी की आशंका

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आने के शौचालय निर्माण के हितग्राहियों का कहना है कि जिस तरह सरपंच सचिव ने उन्हें निर्माण राशि 12हजार दिलाए जाने के लिए कागजात लिए थे उससे उन्हें लगता है कि अधूरे निर्माण को कागजो में पूर्ण बताकर राशि का आहरण किया गया है वहीं सबसे बडी बात तो यह भी सामने आई है की इस पंचायत में जो भी विकास कार्यों के काम हुए है वह घटिया और गुणवत्ताहीन है जो कि भ्रष्टाचार की भेंट चढ चुके हैं और अधिकारियों ने इस और ध्यान भी नहीं दिया है जिसका भी जल्दी खुलासा किया जाएगा जो कि ग्राम पंचायत धनगोर में 2018-19 मैं लाखों की लागत से शौचालयों का निर्माण कराया गया था लेकिन उनका अतापता तक नहीं है कि आखिर यह शौचालय कब बन गए और हितग्राहियों को पता तक नहीं चला इसी तरह मनरेगा योजना में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है लेकिन अधिकारियों की मिलीभगत से सरपंच सचिव के हौसले बुलंद हैं।

ग्राम धनगोर में बनाये गए शौचालय जर्जर हो चुके हैं कही दरवाजा नही है तो कही छत नही है कहि सीट नही है तो कही हित ग्राही नही है।

### इनका कहना है

ग्राम पंचायत के सचिव दसरथ लोधी को फोन लगाया तो उनका फोन लग ना सका।वही शौचलय प्रभारी रोहित यादव का कहना है कि अगर पँचायत द्वारा कोई गलती हुई है तो इसकी जाँच में स्वयं करूंगा।

# भारतीय मजदूर संघ ने किया पौधरोपण

**अनूपपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता मजदूर संघ के द्वारा कुरजा धाम हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करके प्रांग? वृक्षारोपण किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में श्री तरुण शर्मा जी प्रदेश मंत्री उपस्थित थे विशिष्ट अतिथि के रूप में भा.ज.म.स.युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्री प्रकाश शुक्ला व पूर्व मंडल अध्यक्ष वार्ड न.11 के पार्षद श्री मुकेश जैन भी उपस्थित थे यह सारा आयोजन भा.ज.म.स.के जिला अध्यक्ष श्री पुरषोत्तम देवानी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ उपस्थित अन्य लोगो में श्री शारदा शर्मा जी जिलाउपाध्यक्ष,श्री राजा देवानी जिलामहामंत्री युवामोर्चा,श्री चन्द्रिका चंद्रा जिलामहामंत्री युवामोर्चा,दीपक दीवान मंडल उपाध्यक्ष,श्री विनोद नामदेव मंडल उपाध्यक्ष,श्री मंडल उपाध्यक्ष,श्री आकाश विश्वकर्मा मंडलमहामंत्री एवं राजमन प्रजापति व राजेश गुप्ता जी भी उपस्थित थे।।

# धूमा में भाजपा द्वारा वृक्षारोपण

**धूमा सिवनी यश भारत।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में धूमा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कार्यक्रम किये इन कार्यक्रमों में शामिल होने वाले लोगों ने पूरे उत्साह के साथ ना ही केवल पौधे लगाए बल्कि पौधों की देखरेख करने की जिम्मेदारी भी ली एवं स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में समिति के द्वारा एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा राष्टीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक परम पूजनीय माधव राव सदाशिव राव गोलवलकर जी गुरु जी की पुण्यतिथि में वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ पुण्यतिथि के दौरान गुरु जी के द्वारा बताए गए मानव हित के लिए वृक्षारोपण का कितना महत्व है कोरोना महामारी के चलते हम सभी को ऑक्सीजन के महत्व समझ में आई है। पूरे देश ने इस त्रासदी के दौरान ऑक्सीजन के संकट को देखा गया है। भविष्य में यह संकट फिर से हमारे सामने ना खड़ी हो इसके लिए अति आवश्यक है। वृक्षारोपण करना वृक्ष मानव जीवन की प्राणवायु है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में इतने पौधे लगाना चाहिए कि उसे अपने जीवन भर की प्राणवायु प्राप्त हो सके तथा दूसरे लोगों को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित करें। पौधारोपण करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। और सभी लोग अपने घर,गार्डन,स्कूल,परिसर, पर अधिक से अधिक पौधे लगाएं। जिससे ना केवल पर्यावरण संतुलन बनेगा बल्कि हमारी ऑक्सीजन कमी की भरपाई हो सकेगी। इस अवसर पर धूमा मोतीलाल जी नेमा कोमल साहू, रामकुमार साहू, विभाग सह सद्भावना प्रमुख राजेंद्र जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश पाराशर,सुरेंद्र चौकसे, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, साहू समाज अध्यक्ष टेक चंद साहू, कंधी साहू,भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश साहू, दीपक नेमा, सतीश सोनू पाराशर, राजू साहू, प्रमोद अग्रवाल, राजेश साहू, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष संजय जैन ,पिछड़ावर्ग मोर्चा प्रभारी अंकित साहू, मनीष शिवहरे, प्रांजल जैन, संदीप साहू एवं सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य जी शिवकुमार अग्रवाल, सीताराम जी पाराशर, गौतम जी, बुराडे आचार्य जी, भाजपा के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम में उपस्थित रहे समस्त गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ताओं ने स्थानीय वन विभाग के अधिकारी श्री सिद्धार्थ तिवारी जी को भी धन्यवाद प्रेषित किया जिन्होंने वृक्षारोपण के दौरान वृक्ष पहुंचाने की व्यवस्था की।

# अनलॉक के बाद पहले रविवार को रहा टोटल लॉकडाउन

**सिहोरा ।** कोरोना संक्रमण में कमी आने बाद पिछले मंगलवार 1 जून को से अनलॉक हुए सिहोरा खितौला में पहले रविवार को टोटल लाकडाउन रहा नगर के छोटे बडे सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान ,शासकीय कार्यालय पूरी तरह से बंद थे और सडको पर दोफहर को चारो ओर सन्नाटा पसरा रहा पर सुबह और शाम को बेवजह बहुत लोग घूमते दिखे और इक्का दुक्का सायरन बजाती गाडियां ही शहर में राउंड लगाती दिखी ।

### कोरोना संक्रमण का डर बरकरार

भले ही आड ईवन के तहत सिहोरा खितौला पिछले मंगलवार से अनलॉक हो गया हो लेकिन नागरिकों के साथ व्यापारियों में संक्रमण का डर बरकरार है और व्यापारी कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए अपने प्रतिष्ठान खोलने के साथ मास्क लगाने एवं सोसल डिसटेंसिग का पालन करने जागरूक भी कर रहे है ।

### बिना मास्क वालो से वसूला सम्मन शुल्क



पुलिस अधीक्षक सिद्वार्थ बहुगुणा एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शीवेष सिंह बघेल के निर्देशानुसार एसडीओपी श्रुतिकीर्ति सोमवंशी के मार्गदर्शन में पुलिस थाना सिहोरा द्वारा लगातार कार्रवाई करने के साथ लोगों को समझाइश भी दी जा रही है । थाना प्रभारी गीरीश धुर्वे ने बताया कि अनलॉक होने के बाद 1 जून से 5 जून तक बिना मास्क लगाये सडकों पर घूमने वाले 96 लोगो का चलान काटकर 9600 रूपये सम्मन शुल्क बसूला तथा अनावश्यक घूमते पाये जाने पर जहाँ 28 लोगों को अस्थाई जेल भेजा वही 4 लोगो पर 188 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गये । पुलिस द्वारा पुराना बस स्टेंड ,बाबाताल तिराहा ,गौरी तिराहा ,मझौली बायपास मे प्रतिदिन चैक पाउंट बनाकर की जा रही कार्यवाही में पुलिस बल के अलावा ग्राम तथा नगर रक्षा समिति के सदस्य भी सहयोग कर रहे है ।

# समाज सेवा के पर्याय हैं: प्रताप

**अनूपपुर-** अनूपपुर जिले अंतर्गत जनपद पंचायत जैतहरी और उसमें बसा हुआ ग्राम पंचायत बरगवां और बरगवां ग्राम पंचायत के वार्ड क्रमांक 13 के पंच प्रताप धामेजा। यह नाम इस क्षेत्र में आते ही लोगों के जुबान से कई तरह के बातें आने लगते हैं कोई कहता है यह पागल है,कोई कहता है यह सनकी है,कोई कहता है यह भिखारी है, पर किसलिए? समाज में ऐसे विरले लोग ही पाए जाते हैं,जो दूसरों की खुशियों में ही अपनी खुशी ढू? लेते हैं,समाज कार्य ,समाज सेवा उनका धर्म बन जाता ऐसे ही हैं प्रताप धामेजा। कहने के तो ग्राम पंचायत बरगवां से वार्ड क्रमांक 13 के पंच हैं, किंतु यह सिर्फ अपने वार्ड तक ही सीमित नहीं इनको जहां कहीं भी मौका मिलता है यह अपने सामाजिक कार्य में लग जाते हैं पेशे से फेरी का काम करने वाले प्रताप धामेजा समाज के लिए आदर्श व्यक्तित्व हैं, इनके कार्यों को देखकर सामाजिक कार्य को सीखा जा सकता है, यह सुबह 5:00 बजे उठते हैं और टहलने के लिए घर से बाहर निकलते हैं तो रास्ते में अगर कोई भी कचरा पड़ा हुआ दिखाई देता तो उसे स्वयं साफ करने लग जाते हैं ये इस बात का भी इंतजार नही करते कि पंचायत में सूचना दे सफाईकर्मी बुलाये तब सफाई होगी, जगह-जगह लोगों के द्वारा इन्हें कचरे को एक जगह इकट्ठा कर आग लगाते हुए या किसी एक जगह पर एकत्रित करते हुए देखा जा सकता है।

# अस्पताल को भेंट किये चार ऑक्सीजन कंसंट्रेटर



**सिहोरा।** कोरोना संक्रमण काल के दौरान अस्पतालों में बेड और ऑक्सीजन की किल्लत हो गई थी ऐसी भयावह स्थिति का डटकर मुकाबला करने के लिए नगर की डा. साधना राजीव अवस्थी ने राहुल अवस्थी की स्मृति में सिविल अस्पताल सिहोरा को चार ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भेंट किए। इस दौरान राजीव दीक्षित ,खिलाड़ी सिंह आर्मो ,जितेंद्र श्रीवास्तव ,प्रकाश कुररिया ,अमोल चौरसिया, सचिन श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव ,सोनू त्रिपाठी , अविनाश गुप्ता , आनंद पटेल, मोहन मिश्रा आदि उपस्थित रहे । वहीं इस दौरान डॉ साधना राजीव अवस्थी ने कहा कि शहर में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में कोरोना महामारी का प्रकोप है जो कि राष्ट्रीय आपदा बन चुकी है। इस महामारी के साथ लगातार शासन प्रशासन लड़ रहा है। इसलिए शहर के लोगो का भी दायित्व बनता है कि वो भी शासन प्रशासन का सहयोग करते हुऐ कोरोना से लड़ी जा रही जंग में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर युवा मोर्चा ने किया पौधरोपण

**अमलाई-** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला मंत्री व उनके साथियों ने संजयनगर में पौधरोपण किया,इस अवसर पर पौधा लगाने के साथ साथ उसे बचाने का भी संकल्प लिया गया।आज के कार्यक्रम में 5 पौधों को लगाया गया और सभी साथियों ने संकल्प लिया कि इसके देखरेख का काम भी हम लोग करेंगे, इस अवसर युवा मोर्चा जिला मंत्री डॉ राज पाण्डेय ने कहा कि विभिन्न सामाजिक संगठनों व राजनीतिक संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा हर वर्ष पौधों का रोपण किया जाता है किंतु देखरेख के अभाव में ये पौधे नष्ट हो जाते हैं इसलिए हम कम पौधे लगा रहे हैं किंतु इनकी देखरेख की सम्पूर्ण जिम्मेदारी हमारी ही रहेगी,आज के इस दौर में वृक्षों के अंधाधुंध कटाई होने के कारण प्रकृति का संतुलन बिगड रहा है और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बढ रही है, इस कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता व प्रकृति प्रेमी अवधराज सिंह ने कहा कि युवा वर्गों का यह प्रयास सराहनीय है इनके कार्य मे सहयोग सभी को करना चाहिए।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह जगह पौधारोपण

**सिहोरा-** पिछले करीब डेढ़ साल में कोरोना महामारी के चलते पर्यावरण विरूपण का रूप अपनी आंखों के सामने घटित होते देखा है यूं तो विश्व पर्यावरण दिवस हम 47 साल से मनाते आ रहे हैं किंतु इस बार प्राणवायु के संकट ने लोगों को पर्यावरण के प्रति अधिक सचेत कर दिया है आज पर्यावरण दिवस पर दूषित पर्यावरण को संतुलित करने अनेक समाजसेवी संस्था कार्यालय जन प्रति निधियों द्वारा जगह-जगह वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया गया।

**सेवा सहकारी समिति** संयुक्त पंजीयक सहकारी समितियां जबलपुर पीके सिद्धार्थ ,जिला सहकारी बैंक के महाप्रबंधक ज्ञानेन्द्र पांडे , राजेन्द्र तिवारी व शाखा प्रबंधक सिहोरा ब्रजेन्द्र मिश्रा की उपस्थिति में सहकारिता के जनक पंडित विष्णु दत्त शुक्ल की प्रतिमा के समक्ष वृक्षारोपण किया गया इस अवसर पर विवेक गौतम, वर्षा कपूर,प्रणीता अग्निहोत्री,शैलेश यादव राजू सेन आदि उपस्थित रहे

**युवा मोर्चा ने दिया पौधारोपण का संदेश** आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम देव नगर में 18 वर्ष से ऊपर के जिन युवा साथियों ने वैक्सीनेशन कराया उन्हें, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल ने आम, जामुन, आंवला, अमरूद, कटहल आदि के पौधे वितरित कर वृक्षारोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया साथी वैक्सीनेशन करने वाली टीम को भी पौधा भेंट कर उनका अभिनंदन किया, इस अवसर पर ग्राम के सरपंच विजय पटेल सहित युवा मोर्चा के दीपक पांडे ,पवन पांडे ,विजय पटैल, रवि मिश्रा ,अनुराग मिश्रा, अतुल मिश्रा, अंशुल मिश्रा ,दिवेश मिश्रा, सिवा पटैल ,सागर पटैल ,दुर्गेश सेन, सत्यम मिश्रा, संदीप नामदेव ,हनुमान पटैल, गयाप्रसाद कोरी, सुरेश पटैल एवं अन्य साथीगण उपस्थित रहे।

**अभाविप ने शुरू किया प्लांटेशन फॉर ऑक्सीजन** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकोशल प्रान्त के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 5 जून से 10 तक पांच दिवसीय प्लांटेशन फॉर ऑक्सीजन अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसके तहत अभाविप कार्यकर्ता स्वयं पौधारोपण कर समाज के लोगों को पौधारोपण के लिए चैलेंज कर प्रेरित कर रहे हैं।इसी उपलक्ष्य सिविल अस्पताल सिहोरा में बीएमओ डॉ. राघवेंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रशांत परोहा ने अभाविप कार्यकर्ताओं के साथ अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण करते वक्त आशीष सोनी, शिवम चौरसिया, ऋषभ द्विवेदी, दीपज साहू, राजवीर वासदेव, आशीष नामदेव, रोशन साहू, अतुल सोनी, मुस्कान कारदा, दीक्षा ठाकुर, आकांक्षा मिश्रा, प्रियंका साहू सहित अन्य सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा कराया गया वृक्षारोपण** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष पर नेहरू युवा केंद्र संगठन जबलपुर के जिला समन्वयक प्रतीक सिन्हा एवं कार्यक्रम सहायक अतुल पांडे के निर्देशन में जिले के समस्त विकास-खंडों में वृक्षारोपण किया गया। इसी कड़ी में मझौली विकासखंड की राष्ट्रीय स्वयंसेवक स्नेहलता यादव ने विभिन्न युवा मंडल एवं महिला मंडल के सहयोग से विभिन्न ग्राम पंचायतों में वृक्षारोपण कराया एवं पौधों को संवार कर वृक्ष बनने तक उनके पालन पोषण की जिम्मेदारी मंडल सदस्यों को सौंपी।

**महिलाओं को किया पौधा वितरण** विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्यपाल अवार्ड से सम्मानित श्रीमती सुधा उपाध्याय प्राथमिक शिक्षक शासकीय कन्या प्राथमिक शाला सिहोरा ने वर्तमान कोरोना काल की विषम परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए लोगों में जनचेतना जागृत करने के लिए अपने पारिस्थितिक तंत्र को मजबूत करने के लिए महिलाओं को पौधे वितरित किए साथ ही उन्हें साड़ी वितरित की और खाने के लिए चावल भी प्रदान किया।

# मंहगाई के खिलाफ युवक कांग्रेस का प्रदर्शन



**सिहोरा।** शहर से लेकर गांव तक सुरसा की तरह बढ रही मंहगाई के लिये युवक कांग्रेस ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए मंहगाई के विरोध में जगह जगह प्रदर्शन कर मंहगाई कम करने की मांग की ।

### बस स्टेंड में दिया धरना

मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत भूरिया के आव्हान पर विधान सभा युवक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल पांडे के नेतृत्व में केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण दिन प्रतिदिन बढ रही मंहगाई के विरोध में कांग्रेस जनों ने पुराना बस स्टेंड में नारे बाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया । इस अवसर पर राजेश चौबे, बाबा कुरैशी , प्रवीण पाठक, गणेश दाहिया, एम मंसूर, राजेश पटेल, जगदीश सैनी, लाल बहादुर पाठक,रियाज अंसारी,साकेत पिडहा,इरफान , तारिक खान, शंकर बंशकार , शंभू , रामलोचन गोंटिया, अरविंद झारिया,मनीष बिरहा,दुर्गेश चौबे , प्रदीप पटेल, अस्सू कुचवंदिया, गोलू सिंह, जित्तू ठाकुर , राजा दुबे, जितेन्द्र पटैल, अभिलाष गौटिया, डब्बू पाठक सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### पेट्रोल भरवाने आये लोगों को दिये फूल

शनिवार को महंगे पेट्रोल और डीज़ल के विरोध में युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष लोकेश मिश्रा के नेतृत्व में मोहन मिश्रा , सोनू त्रिपाठी,सचिन श्रीवास्तव के संयोजन में पेट्रोल पंपों के सामने विरोध प्रदर्शन किया एवं पेट्रोल 105,डीज़ल 94,होने के बाद भी लोग इतना महंगा ईंधन उपयोग कर रहे है उनकी हिम्मत को सलाम करते हुए पेट्रोल भरवाने आये लोगों को गुलाब के फूल दिए गए । कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव , खिलाड़ी सिंह आर्मो, अमोल चौरसिया, प्रकाश कुररिया,संदीप अविनाश शुक्ला, ,नंदू पटेल,मोंटी गर्ग उपस्थित रहे।



# हिंदू स्वयंसेवक संघ थाईलैंड द्वारा मनाया गया हिंदू संगठन दिवस

**अमलाई-** प्राप्त जानकारी अनुसार भारत देश के बाहर भी अन्य देशों में हिंदू संगठनों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा, इसी तारतम्य में हिंदू स्वयंसेवक संघ, थाईलैंड द्वारा हिंदू संगठन दिवस के उपलक्ष्य पर ई-शाखा का आयोजन किया गया! जिस प्रकार भारत देश में छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक का दिवस संघ द्वारा 卐हिंदू साम्राज्य दिवस卐के रूप में मनाया जाता है ठीक उसी प्रकार भारत के बाहर 卐हिंदू संगठन दिवस卐 के रूप में मनाया जाता है हिंदू संगठन दिवस 6 जून 2021 को हिंदू स्वयं सेवक संघ,थाईलैंड द्वारा वर्चुअल माध्यम से ई-शाखा का आयोजन किया गया,इस शाखा में विशेष रुप से भारत से सुश्री भाग्यश्री उर्फ चंदा ताई जी साठचे(अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य और विश्व विभाग संपर्क टोली सदस्य राष्ट्र सेविका समिति) को आमंत्रित किया गया था, इस कार्यक्रम में सुश्री भाग्यश्री जी द्वारा कई विषयों पर प्रकाश डाला गया ! हिंदू संगठित हो,हिंदू जागृत हो ऐसी भावनाओं की संपूर्ण हिंदू समाज में आवश्यकता है।

# पौधा लगाकर सुरक्षा का लें संकल्प

**कटनी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर मिशन कटनी ग्रीन ग्रुप के सदस्य सुनीता चतुर्वेदी, दीक्षा द्विवेदी, निजर कुजूर, किरण कुजूर के साथ छोटे बच्चों ने पार्क में पीपल, नीम, आंवला, आम के लगभग 100 पेड़ लगाकर पर्यावरण दिवस मनाया। वृक्षारोपण के दौरान सुनीता चतुर्वेदी ने कहा कि हर एक नागरिक कम से कम एक एक पौधा अवश्य लगाएं और उसे अपने परिवार के हिस्से की तरह रखे एवं उसकी देखभाल भी निरंतर रूप से करते रहे ।

**सूचना**

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।

# वह किरदार नहीं देते जिसकी मुझे तलाश



बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा फिल्मों के अलावा निजी जिंदगी और करियर के बारे में खुलासा करती रहती हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया और इंटरव्यू के जरिए अपने बारे में खास खुलासे करती रहती हैं। अब परिणीति चोपड़ा ने अपने फिल्मी करियर को लेकर खास बात कही है।



**परिणीति चोपड़ाने फिल्मों में अपने लव मेकिंग सीन को लेकर दिया बयान, कहा- ऐसे सीन में कट का मतलब...**

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा फिल्मों के अलावा निजी जिंदगी और करियर के बारे में खुलासा करती रहती हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया और इंटरव्यू के जरिए अपने बारे में खास खुलासे करती रहती हैं। अब परिणीति चोपड़ा ने अपने फिल्मी करियर और खराब फिल्मों को लेकर खास बात कही है, जिसकी काफी चर्चा हो रही हैं। परिणीति चोपड़ा ने फिल्मों में अपने किसिंग और लव मेकिंग सीन को लेकर भी खुलकर बात की है। उन्होंने अंग्रेजी वेबसाइट टाइम्स ऑफ इंडिया को इंटरव्यू दिया है। इस इंटरव्यू में उन्होंने अपने फिल्मी करियर को लेकर भी बात की। परिणीति चोपड़ा से पूछा गया कि क्या आप कभी किसी सीन को लेकर आश्वस्त नहीं हुईं लेकिन फिर भी किया? इस पर उन्होंने अपनी फिल्मों को लेकर बात की। परिणीति चोपड़ा ने कहा, हां, पिछले पांच सालों में कई फिल्मों में ऐसे सीन हैं। मैं जो काम कर रही थी उससे मैं बहुत नाखुश था। मुझे खुद पर भरोसा था, लेकिन फिल्म निर्माता मुझे वह किरदार नहीं देते थे, जिसकी मुझे तलाश थी। मैं आधे-अधूरे मन से फिल्में साइन कर रही थी। मैं लगातार असंतोष की स्थिति में थी। मैं हमेशा तीन निर्देशकों- अमोल गुप्ते (साइना), दिबाकर बनर्जी (संदीप और पिंकी फरार), और रिभु दासगुप्ता (द गर्ल ऑन द ट्रेन) के लिए शुक्रगुजार रहूंगी। परिणीति चोपड़ा से पूछा गया कि क्या आप कभी रोमांटिक सीन करते हुए परेशान हुईं हैं? नहीं, मैं अंतरंग, किसिंग और लवमेकिंग सीन किए हैं। लेकिन ऐसे सीन में कट का मतलब कट होता है। जब भी शारीरिक रूप किसी सीन हो करती हूं तो वह तकनीकी और क्लीनिकल होते हैं। आपको बता दें कि परिणीति चोपड़ा आखिरी बार फिल्म संदीप और पिंकी फरार में नजर आई थीं।यह फिल्म हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है। फिल्म को दर्शकों का काफी प्यार मिल रहा है। फिल्म संदीप और पिंकी फरार का निर्देशन दिबाकर बनर्जी ने किया है। इस फिल्म में परिणीति चोपड़ा के साथ अभिनेता अर्जुन कपूर, पंकज त्रिपाठी, रघुबीर यादव और जयदीप अहलावत सहित कई दिग्गज कलाकार मुख्य भूमिका में हैं।


# गोवा के ताज होटल में काम करते थे महारानी के कमांडर कुंवर सिंह



**नई दिल्ली।** हाल ही में सोनी लिव पर रिलीज वेब सीरीज महारानी में वीर सेना के कमांडर कुंवर सिंह के किरदार में नजर आए अभिनेता सुशील पांडे के अभिनय की खासी सराहना हो रही है। इस वेब सीरीज के क्रिएटिव सुभाष कपूर हैं, जिनके साथ सुशील फंस गए रे ओबामा, जॉली एलएलबी जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं। उनके साथ हुई बातचीत के कुछ अंश।

महारानी वेब सीरीज से कितनी उम्मीदें पूरी हुई हैं?-ईमानदारी से कहूं तो मैंने इतनी बड़ी उम्मीदें नहीं बांधी थीं। सुभाष कपूर जी ने मुझे फंस गए रे ओबामा और जॉली एलएलबी में कास्ट किया था। उन फिल्मों से मुझे इंडस्ट्री में छोटी- मोटी पहचान मिलने लगी। जब उन्होंने महारानी में मेरा किरदार सुनाया, तो पांच मिनट के लिए मैं सोच में पड़ गया था, क्योंकि मुझे ऐसे किरदार में लेने के बारे में पहले किसी ने सोचा नहीं था।आप खुद बिहार से ताल्लुक रखते हैं, ऐसे में वहां की नक्सली समस्या से वाकिफ होंगे। किरदार को समझना आसान हो गया होगा?-मैंने स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद अपनी रिसर्च की थी। मैं कुछ दिनों के लिए बाहर चला गया था। वहां कुछ लोगों से मिला। मेरे किरदार कुंवर सिंह में इतना क्रोध क्यों है, उसे समझना था। मुझे इस किरदार में जाने के लिए एक ट्रिगर चाहिए था, जो मुझे बिहार जाकर मिला।- इस वेब सीरीज से आपको जो लोकप्रियता मिल रही है, उसकी चाह यकीनन करियर के शुरुआती दौर से रही होगी?- मैं बिहार के सीवान से ताल्लुक रखता हूं। पिताजी कृषि विभाग में नौकरी करते थे, इसलिए उनकी पोस्टिंग गया में हो गई थी। हम गया में ही सेटल हो गए। वहां पर आज भी थिएटर का कल्चर है। रामलीला, कृष्णलीला होती है। जब मैं छोटा था, तब भी त्योहार के दौरान पौराणिक कहानियों पर नाटक खूब होते थे। मैं हमेशा से अभिनय करना चाहता था, लेकिन मैं जहां से ताल्लुक रखता हूं, वहां पर अभिनय को पेशा नहीं समझा जाता। बचपन में वीसीआर पर हमारे मोहल्ले में फिल्में दिखाई जाती थीं। बच्चों को टिकट एक रुपये, बड़ों की टिकट दो रुपये होती थी। रातभर में मैं तीन फिल्में देख लेता था। गंगा जमुना सरस्वती और दलाल के बाद जब मुजरिम फिल्म देखी, तो लगा कि बस बुरे लोगों को मारना है और हीरो बनना है। फिर किसी और पेशे के बारे में सोचा ही नहीं।- अभिनय को पेशा बनाना कितना मुश्किल रहा? -मैं नोवीं- दसवीं क्लास से ही थिएटर में काफी सक्रिय था, लेकिन दसवीं क्लास में पिताजी का देहांत हो गया। वहां से जिम्मेदारी का अहसास हुआ। मां मुझे लेकिर चिंतित रहती थीं। वह कहती थीं कि पढ़ो- लिखो नाटक कब तक करोगे। फिर मैंने होटल मैनेजमेंट का कोर्स किया। कैंपस सिलेक्शन में ताज होटल में काम मिल गया। गोवा जाकर नौकरी की, लेकिन मजा नहीं आ रहा था। एक महीने में वहां भी थिएटर ढूंढ लिया। वहां कोंकणी और अंग्रेजी में नाटक होता था। मैंने कहा बैकस्टेज या वर्कशॉप कुछ भी कर लूंगा। दो साल ऐसे ही चलता रहा। फिर नौकरी छोड़कर दिल्ली आकर थिएटर करने लगा। वहां से मुंबई के पृथ्वी थिएटर पहुंचा। दिनभर पृथ्वी में बैठा रहता था। फिर टीवी में छोटे- छोटे रोल मिलने लगे। साल 2010 में %फंस गए रे ओबामा% फिल्म में बड़ा ब्रेक मिल गया। जॉली एनएनबी फिल्म के बाद लाइफ आसान हो गई।

आप आर्टिकल 15 के बाद फिर से अनुभव सिन्हा की फिल्म अनेक में काम कर रगे हैं... हां, लेकिन अभी बहुत ज्यादा नहीं बता पाऊंगा। अनेक एक एक्शन ड्रामा है। नॉर्थ ईस्ट में कहानी सेट की गई है।



# लाइव सेशन के दौरान धमक पड़े यश और रूही, करण जौहर की बोलती बंद

**नई दिल्ली।** करण जौहर का नाम बॉलीवुड के उन सिलेब्स में से एक है जो सोशल मीडिया के जरिए हमेशा अपने फैन्स से जुड़े रहते हैं। रविवार को करण ऐसे ही अपने फैन्स के साथ इंस्टाग्राम पर लाइव थे। वो लोगों से बात कर रहे थे उनके सवालों का जवाब दे रहे थे कि तभी वहां उनके बच्चे यश और रूही आ गए। बस फिर क्या था करण जौहर का लाइव सेशन में इन दोनों ने जो हाल किया उसे देखकर आपकी भी हंसी छूट जाएगी।

यश और रूही ने करण का किया ये हाल

टॉक शो और अवॉर्ड शो में अपनी हाजिर जवाबी से लोगों की बोलती बंद करने वाले करण जौहर की बोलती उनके बच्चों ने तब बंद कर जब वो उनके लाइव सेशन के दौरान धमक पड़े। यश और रूही ने मिलकर करण के बाल खराब करने शुरू कर दिए। वो बार-बार वीडियो के बीच आकर कुछ कहना चाह रहे थे। दोनों ही सुपरहीरो ड्रेसेस में नजर आ रहे थे। करण दोनों को किसी तरह कंट्रोल करने की कोशिश करते रहे।

सारा ने पूछा आइसक्रीम फ्लेवर

करण जौहर के इंस्टा लाइव के दौरान सारा अली खान ने कमेंट करते हुए पूछा- करण आपका फेवरिट आइसक्रीम फ्लेवर कौन है? सारा का सवाल पढ़ते हुए करण ने पूछा कि सारा उनका आइसक्रीम फ्लेवर क्यों जानना चाहती हैं। वहीं अनन्या का एक कमेंट मिस होने पर अनन्या ने अगले कमेंट में लिखा- फीलिंग इग्नोर्ड।

खुद को फैमिली मैन मानते हैं करण

वहीं करण जौहर से एक सोशल मीडिया यूजर ने पूछा कि आप खुद को कौन सा सुपरहीरो मानते हो? दरअसल सोशल मीडिया यूजर ने ये सवाल करण के बच्चों यश और रूही के ड्रेसअप से जोड़ते हुए पूछा। सोशल मीडिया यूजर के इस सवाल पर करण जौहर ने कहा- यार मैं कोई सुपरहीरो नहीं हूं, मैं तो फैमिली मैन हूं।

ट्रोल को दिया ये जवाब

इंस्टाग्राम लाइव सेशन के दौरान कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने करण को कमेंट सेक्शन में गालियां भी दीं। इन गालियों को पहले करण ने पढ़ा और फिर प्यार से बोले- अगर आपको मुझे गालियां ही देनी हैं तो ये प्लेटफॉर्म छोड़ दें।

# शो में पहुंचकर जीनत अमान ने किया पुराने दिनों को याद





**नई दिल्ली।** टीवी के सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल 12 बीते कुछ समय से अपने खास एपिसोड्स की वजह से चर्चा में रहता है। हाल ही में शो के अंदर हिंदी सिनेमा की कई हस्तियों को ट्रिब्यूट दिया गया है। अब इंडियन आइडल 12 में हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री जीनत अमान को भी ट्रिब्यूट दिया गया है। जिसके चलते वह शो में भी पहुंची थीं। हाल ही में सोनी टीवी ने सोशल मीडिया पर इंडियन आइडल 12 से जुड़ा एक वीडियो प्रोमो जारी किया है। इस वीडियो प्रोमो में जीनत अमान भी नजर आ रही हैं। वहीं शो में मौजूद कंटेस्टेंट्स ने उनकी फिल्मों के गाने गाकर उन्हें खास अंदाज में ट्रिब्यूट दिया है। इंडियन आइडल 12 के कंटेस्टेंट दानिश के साथ जीनत अमान ने अपने सुपरहिट गाने %दो लफ्जों की है दिल की कहानी% को रिक्रिएट किया। जीनत अमान का यह गाना साल 1979 में आई फिल्म %द ग्रेट गैम्बलर% का है। फिल्म में इस गाने को जीनत और अमिताभ बच्चन पर फिल्माया गया है। %दो लफ्जों की है दिल की कहानी% गाने को एक बोट पर फिल्माया गया था। ऐसा ही कुछ जीनत अमान ने इंडियन आइडल 12 के सेट पर दानिश के गाने पर किया है। सोशल मीडिया पर उनका यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।शो के दर्शक और जीनत अमान के फैंस इंडियन आइडल 12 से जुड़े उनके वीडियो को खूब पसंद कर रहे हैं। साथ ही कमेंट कर दिग्गज अभिनेत्री की तरीफ भी कर रहे हैं। वहीं जीनत अमान ने इंडियन आइडल 12 में बतौर मेहमान शामिल होने पर शो की तारीफ की है। उन्होंने वीडियो में कहा, %इस मंच पर आकर बहुत अच्छा लगा। जो सेट पर सेलिब्रेट किया गया और जिस तरह से उन्होंने सेलिब्रेट किया, यह सब मेरे लिए बहुत खास था। आपको बता दें कि इससे पहले इंडियन आइडल 12 में हिंदी सिनेमा की दिग्गज गायक और कलाकार किशोर कुमार को ट्रिब्यूट दिया गया था। इस मौके पर उनके बेटे अमित कुमार शो में मेहमान बनकर आए थे। इंडियन आइडल 12 के कंटेस्टेंट्स ने किशोर कुमार के गाने गाकर उन्हें ट्रिब्यूट दिया था। हालांकि शो खत्म होने के बाद अमित कुमार ने इंडियन आइडल 12 की आलोचना की थी, जिस पर काफी चर्चा हुई थी।



# पर्ल वी पुरीका होगा कोविड टेस्ट, रिपोर्ट नेगेटिव आने पर भेजा जाएगा ठाणे जेल

**नई दिल्ली।** टीवी एक्टर पर्ल वी पुरी को शुक्रवार को एक नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने अरेस्ट किया है। पर्ल पर क्कह्रस्ह्र एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया, जिसके बाद उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। फिलहाल पर्ल वालिव पुलिस स्टेशन में हैं और जल्द ही उनका कोविड टेस्ट किया जाएगा। अगर एक्टर की रिपोर्ट्स नेगेटिव आती हैं तो उन्हें वालिव पुलिस स्टेशन से निकालर ठाणे जेल में शिफ्ट कर दिया जाएगा। ईटाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, डीसीपी संजय पाटिल का कहना है कि प्रोटोकॉल के तहत जिस भी व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाता है उसका कोविड टेस्ट करवाया जाता है। इसलिए पर्ल वी पुरी का भी आरटी-पीसीआर टेस्ट करवाया जाएगा। अगर रिपोर्ट नेगेटिव आती है तो उन्हें सोमवार को ठाणे जेल में शिफ्ट कर दिया जाएगा। अभी वो वालिव पुलिस स्टेशन में हैं'। एक तरफ जहां पर्ल पर गंभीर आरोप लगाए हैं वहीं दूसरी तरफ टीवी इंडस्ट्री खुलकर पर्ल के सपोर्ट में आ गई है। एकता कपूर, करिश्मा तन्ना, अली गोनी, अनीता हसनंदानी, अर्जुल बिजलानी समेत कई सितारों ने पर्ल का सपोर्ट किया है और उन्हें एक अच्छा इंसान बताया है। एकता कपूर ने दो पर्ल के सपोर्ट में एक पोस्ट भी शेयर किया था जिसमें उन्होंने दावा किया था कि उनकी लड़की की मां से बात हुई है और वो खुद ये कह रही हैं कि पर्ल निर्दोष है। एकता के इस पोस्ट के बाद मुंबई के वसई के डीएपसी संजय कुमार पाटिल ने मीडिया से बात की और कहा कि उनके ऊपर लगा एक भी आरोप झूठा नहीं है। डीएसपी ने कहा, %नहीं, आरोप बिल्कुल झूठे नहीं है। जांच में उनका (पर्ल वी पुरी) नाम सामने आया है। उनके खिलाफ सबूत भी हैं। इस वजह से पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया है। जांच में सच का साथ दिया जाएगा।% आपको बता दें एकता और लड़की की मां का ऑडियो भी सामने आ चुका है जिसमें दोनों इस केस के बारे में डिस्कस कर रहे हैं।

# रातों-रात आंखों के अस्पताल को बना दिया कोविड अस्पताल

**जबलपुर। यश भारत अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और समाचार पत्र में एक नए कॉलम की शुरुआत कर रहा है। जिसमें हम शहर की उन लोगों को जानेंगे जिन्होंने अपने प्रयासों से एक नई दिशा बनाई है और समाज के प्रति अपने सरोकार को सामने रखा। वर्तमान में कोरोना महामारी के दौर में कई चेहरे सामने आए जिन्होंने निस्वार्थ सेवा भावना की एक मिसाल पेश की है। जिनसे शहर को रूबरू कराया जाएगा। हम जिस शख्सियत से श्रखला प्रारम्भ कर रहे हैं वे है डॉ पवन स्थापक। जो है तो आंखों के डॉक्टर लेकिन उन्होंने कोरोना काल में अपने देवजी नेत्रालय को रातों-रात कोविड अस्पताल में बदल दिया। जिसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि यहां दवाई और जांचों को छोड़कर सारी सुविधाएं पूर्णता नि:शुल्क थी। इन सभी बिन्दुओं पर यश भारत के अजय पाण्डे और अमित झा ने चर्चा की।**

## -सरोकार- डॉ. पवन स्थापक



डॉ. पवन स्थापक से की गई चर्चा को विस्तार से देखें यश भारत के फेसबुक पेज पर

इस काम को करने की प्रेरणा डॉ पवन स्थापक को कैसे आई और उन्होंने इसे कैसे अंजाम दिया इस पर उन्होंने विस्तार से जानकारी दी।

डॉ पवन स्थापक ने बताया कि कोरोना काल में हमारी स्वास्थ्य सुविधाएं कैसी थी यह तो सभी को मालूम है। लोग कितने परेशान हो रहे थे यह बात भी किसी से छुपी नहीं है। ऐसे में उनके पास रात 12:00 बजे एक लड़की का फोन आया और उसने बताया कि उसके पिताजी का निधन कुछ कोरोना से हो गया है और अब माता जी की भी तबीयत खराब है जिनका ऑक्सीजन लेवल काफी नीचे आ गया और वह उन्हें लेकर मेडिकल अस्पताल के बाहर खड़ी हैं लेकिन उन्हें पलंग नहीं मिल रहा है। इस बात ने उन्हें झकझोर दिया और सुबह होते ही वे तिलवारा स्थित अपने देवजी नेत्रालय को कोरोना अस्पताल में बदलने का प्लान लेकर कलेक्टर के पास पहुंच गए। जिस पर चर्चा के बाद अन्य संगठनों की मदद से जल्द ही नेत्रालय को कोरोना अस्पताल में बदल दिया गया।

### लाखों का उपचार हजारों में

डॉ पवन स्थापक ने बताया कि देवजी नेत्रालय में जो उपचार उनके द्वारा दिया गया उसके लिए सिर्फ दवाओं और जांच के पैसे लिए जाते थे। जो कि बहुत कम होते थे लगभग एक हफ्ते अस्पताल में रहने के बाद मरीज का बिल 15 से 20 हजार ही होता था। उनके द्वारा बेड चार्ज, नर्सिंग चार्ज, डॉक्टरों की फीस और खाने पीने की सुविधा पूर्णता निशुल्क रखी गई थी। वही जो दवाइयां दी जाती थी वह भी बहुत संयमित और आवश्यकता अनुरूप ही होती थी। जिस कारण उसका पैसा भी बहुत कम लगता था। उन्होंने बताया कि उनके यहां भर्ती हुए कुल मरीजों में से कुछ मरीजों को ही रेमदेसीविर की जरूरत पड़ी बाकी मरीज तो उन्होंने सामान्य दवा से ही ठीक कर दिए। जिस कारण मरीजों पर आर्थिक बोझ ना के बराबर पड़ा।

### नहीं हुई एक भी मौत

डॉ पवन स्थापक ने यश भारत को बताया कि उनके द्वारा जो टीम तैयार की गई थी वह महामारी के दौर में यहां वहां से जुगाड़ कर के और कम अनुभवी लोगों को ट्रेनिंग देकर तैयार की गई थी। साथ ही हमारे पास नेत्र चिकित्सालय होने के कारण संसाधन भी सीमित थे लेकिन हमारी टीम में सेवा भावना और काम करने का जुनून इतना ज्यादा था कि जब शहर के श्मशान घाटों में लाइन लगी हुई थी उस दौरान हमने जिन चार सौ मरीजों का उपचार किया उसमें से एक भी मरीज की मौत नहीं हुई जो बहुत बड़ी बात है। साथ ही कम संसाधनों में हमारी टीम के द्वारा जो साफ सफाई के साथ काम किया गया उसके कारण हमारे यहां किसी भी मरीज को कोरोना के बाद ब्लैक संगत के संक्रमण में नहीं घेरा।

# मामा की शादी में आई किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म



**जबलपुर, यशभारत।** लाख कोशिशों के बाबजूद लड़कियों पर ज्यादती के मामले रूक नहीं रहे हैं। मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले में आए दिन किशोरी-युवतियों के साथ दुष्कर्म के मामले सामने आते रहते हैं। ताजा मामला जबलपुर संभाग के छिंदवाड़ा जिले का है जहां पर एक किशोरी के साथ 4 युवकों ने दुष्कर्म किया। किशोरी अपने मामा की शादी में शामिल होने पहुंची थी। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार तामिया जिला छिंदवाड़ा से 15 वर्षीय किशोरी परिजनों के साथ मामा की शादी में शामिल होने के लिए ग्राम सालढाना आई थी, शादी में बच्चों के साथ खेलते खेलते किशोरी को प्यास लगी तो वह विवाह पंडाल से कुछ दूरी पर खड़े टेंकर से पानी लेने के लिए गई, इस दौरान विशाल उर्फ सलमान, भगवानदास, नितीश व मुकेश नामक बदमाश पहुंच गए और किशोरी को उठाकर जंगल में ले गए, जहां पर तीन बदमाशों ने किशोरी के साथ बारी बारी से रेप किया। इधर किशोरी के अचानक गायब होने से परिजन चितिंत हो गए, जिन्होने तलाश की लेकिन कहीं पता नहीं चल सका, कुछ देर बाद किशोरी अस्त व्यस्त हालत में आते देखी तो परिजनों से लेकर रिश्तेदार स्तब्ध रह गए, जिनके पूछताछ करने पर पीड़िता ने घटनाक्रम की जानकारी दी. इस मामले की जानकारी पुलिस को दी गई, जिसपर पुलिस अधिकारियों ने गंभीरता से लेते हुए आरोपियों को हिरासत में ले लिया है. हालांकि पुलिस अधिकारियों ने वीडियो बनाए जाने की बात से इंकार किया है.।

# 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण

## विजन जबलपुर की वर्षगाँठ





**जबलपुर।** आज के इस शुभ दिन पर विजन जबलपुर की भव्य और ऐतिहासिक लॉन्चिंग हुई थी,, रियल इस्टेट के किसी प्रोजेक्ट की इतनी भव्य लॉन्चिंग शायद ही संस्कारधानी के इतिहास में पहले हुई हो। इस समारोह में बॉलीवुड के मशहूर गायक संगीतकार पद्मश्री रविन्द्र जैन, और साथ ही पार्श्व गायिका पूनम राज, प्रख्यात बाँसुरी वादक देवांग सोनी, प्रख्यात सारंगी वादक डॉ हरीश, और गायक शैलेन्द्र सिंह तंवर ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से, अपने अद्भुत संगीत सामर्थ्य से इस आयोजन को अलौकिक और अद्भुत बना दिया।

संस्कारधानी के सर्वप्रथम, सबसे भव्य, होटल स्टाइल लक्जरी सर्वसुविधायुक्त सबसे ऊंचे भवन का कार्य प्रारंभ हुआ। परोहा डेव्हलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के एक -एक सदस्य ने अपनी क्षमता अनुसार अपना सर्वश्रेष्ठ सहयोग, अपनी पूर्ण दक्षता और साथ ही अपने समर्पण को एक ऐसे स्वप्न को पूर्ण करने में लगा दिया जिसे देखा तो हमने था, लेकिन अब वह हजारों आंखों का सपना बन चुका है,,, हर कोई इसे शीघ्र से शीघ्र पूर्ण होता देखना चाहता था। किंतु कहते हैं न कि हर अच्छे काम मे कुछ न कुछ विध्न जरूर आते हैं तो यहाँ आने वाले विध्नों की संख्या भी कम नहीं थी,, आये,, और खूब आये। हम ने हर समस्या को अपने लिए प्रेरणा माना,, उसी से सीखे और आगे बढ़ते गए। आज विजन अपने भव्य स्वरूप में शहर की आंखों में चमक रहा है,, लगभग 85 प्रतिशत कार्य की पूर्णता के साथ हम आगे के 15प्रतिशत कार्य को शीघ्रतिशीघ्र पूर्ण करने हेतु कृतसंकल्पित हैं। आज के इस शुभदिवस पर मैं उन सभी का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने इस स्वप्न को पूर्ण करने अपना प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहयोग प्रदान किया है। हम कृतज्ञ हैं अपने उन सप्लायर्स और कॉन्ट्रैक्टर्स के जिन्होंने हर मुश्किल वक्त में हमारा साथ दिया, अपने उन समस्त विवेकवान ग्राहकों के जिन्होंने हर समय हम पर विश्वास किया और अपने उन समस्त कर्मचारियों के जो अब हमारा ही परिवार हैं, और पारिवारिक सदस्यों की तरह जिन्होंने कंपनी के हर काम को अपना ही काम समझा,, अपनी पूरी मेहनत, लगन, और ईमानदारी से कंपनी के हर कार्य मे अपना सहयोग प्रदान किया। अपने उन समस्त मित्रों का धन्यवाद जिन्होंने हर वक्त हमारे इस मत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को पूर्ण करने में हमारा निरंतर उत्साहवर्धन किया, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इस परियोजना का जनमानस में सकारात्मक प्रचार प्रसार कर इस यात्रा के हिस्सा बने हम उन सभी के आभारी हैं जिन्होंने इस प्रोजेक्ट में अपने भविष्य का घर लिया है, आप हमारे लिए देवता का स्थान रखते हैं। आपका भरपूर स्नेह इस प्रोजेक्ट को मिला। आप सभी का संबल सदैव हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है और रहेगा।

विजन जबलपुर की इस वर्षगाँठ पर एक बार पुनः मैं आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ और आप सभी के जीवन की खुशहाली के लिए और आप सभी के अच्छे स्वास्थ्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ।।







आपका स्नेह आशीर्वाद सदा बना रहे।।
-मोहन परोहा

# सांभर पर झपटे कुत्ते, जान बचाकर पानी में कूदा

**जबलपुर, यशभारत।** गर्मी बढ़ते ही वन्य जीव गांव और शहर की तरफ रूख करते हैं इसी के तहत एक सांभर खारीघाट के समीप 4 दिन से जान बचाकर यहां से वहां भटक रहा है। बीते दिन सांभर को घायल अवस्था देखने पर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वनविभाग सहित वेटनरी डॉक्टरों को दी। बताया जा रहा है कि सांभर पर कुत्तों ने हमला किया था जिसकी वजह से वह अपनी जान बचाकर पानी में कूद गया। ग्वारीघाट थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिली कि खारीघाट और संपूर्णम घाट के समीप एक घायल सांभर पड़ा हुआ है मौके पर जाकर देखा जिस पर क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि सांभर बीते कई दिनों से क्षेत्र में घूम रहा है। कल कुत्तों ने उस पर हमला किया था जिसके बाद वह जान बचाने के लिए पानी में कूद गया स्थानीय लोगों की मदद से उसे बाहर निकाला गया बाद में नाना देशमुख विश्वविद्यालय और वन विभाग को इसकी सूचना दी गई।



# नर्मदा में डूबे युवक का शव मिला

***जबलपुर यश भारत।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत घोघरा फॉल में डूबे युवक का शव मिल गया है। हनूमानताल थाना क्षेत्र का यह युवक अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने आया था और गहरे पानी में जाने से डूब गया था। उसके साथियों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस द्वारा उसकी घटना के बाद से तलाश की जा रही थी जिसका शव आज गोताखोरों को एक पत्थर के नीचे दवा हुआ मिला पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत सब को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए घटना की पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि हनुमान ताल थाना क्षेत्र के अंतर्गत पसियाना का रहने वाला 23 वर्षीय नौशाद खान गत शाम को अपने मित्रों के साथ घोघरा फॉल परमहंसी आश्रम के नीचे पिकनिक मनाने के लिए आया हुआ था इसी दौरान नर्मदा में नहाते समय गहरे पानी में चला गया उसके साथियों द्वारा बचाव के काफी प्रयास किए गए तब तक वह डूब गया। इस घटना की जानकारी पुलिस को लगते ही वह मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोर एवं जबलपुर से आए होमगार्ड गोताखोरों द्वारा उसकी तलाश की जा रही थी तलाशी के दौरान स्थानी गोताखोर गुरु एवं आशीष को उक्त युवक का शव घटनास्थल से कुछ दूरी पर नर्मदा में पत्थर के नीचे दबा हुआ मिला पुलिस ने मर्ग कायम करने के बाद घटना को विवेचना में लिया है/



# साउंड बॉक्स बजाने पर गढ़ा में खूनी संघर्ष, 1 मृत

**जबलपुर, यशभारत।** गढ़ा के कुम्हार मोहल्ला में रविवार की रात खूनी संघर्ष में एक युवक की मौत हो गई जबकि 7 अन्य घायल हो गए। नवंबर-दिसंबर माह में साउंड बॉक्स बचाने को लेकर हुए विवाद ने रविवार की रात खूनी रूप ले लिया। इसमें एक युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी 7 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

### फिल्मी स्टाइल में आधे घंटे तक बीच सड़क में खूनी संघर्ष जारी था

गढ़ा क्षेत्र के गौतम मढ़िया के पास रहने वाले चक्रवर्ती और सड़क के दूसरी ओर रहने वाले सौरभ ठाकुर के बीच पुरानी रंजिश चल रही है। दरअसल सौरभ ठाकुर साउंड बॉक्स तेज आवाज में बजाता था। इसी को लेकर उनके बीच कई बार कहासुनी और विवाद हो चुका है। रविवार को रात लगभग 8.45 गौतम मढ़िया निवासी सौरभ ठाकुर (22) अपने दोस्त आकाश पटेल व राहुल ठाकुर के साथ एक बाइक से तिलवारा नर्मदा दर्शन करने के लिए निकला था। सौरभ ठाकुर के कृत्यों से परेशान चक्रवर्ती परिवार के नितिन चक्रवर्ती, करन चक्रवर्ती, सचिन चक्रवर्ती और अन्य तीन-चार लड़कों ने शनि मंदिर के पास सौरभ ठाकुर और उसके दोस्तों को रोक लिया। आरोपी लाठी, डंडे, लोहे की रॉड से लैस थे।





मृतक के जीवित अवस्था का चित्र, जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

### आधे घंटे तक फिल्मी स्टाइल में एक-दूसरे पर हमला कर रहे थे युवक

नितिन चक्रवर्ती के इशारे पर सभी ने मिलकर सौरभ ठाकुर और उसके दोस्तों पर हमला कर दिया। तीनों ने खेतों में दौड़ लगाकर जान बचाई और जाकर तिलवाराघाट के भाऊ आश्रम में छिप गए। आरोपियों ने सौरभ ठाकुर की बाइक में तोड़फोड़ कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया।

### सौरभ का दोस्त था मृतक विवेक

चक्रवर्ती भाइयों के हमले की सूचना सौरभ ठाकुर ने अपने परिवार और दोस्तों को दी। पीली बिल्डिंग शारदा चौक निवासी विवेक झारिया (18), वैभव पटेल, रंजीत सिंह, नितिन चक्रवर्ती, रोहित झारिया, यश केवट सहित अन्य के साथ तिलवाराघाट पहुंचे। वहां से सौरभ, आकाश व राहुल को सुरक्षित लेकर तिलवारा थाने पहुंचे और थाने में शिकायत दी।

### आधे घंटे तक रोड पर होता रहा विवाद

लॉकडाउन के चलते पुलिस रोड पर थी। चौराहे-तिराहे पर उसकी मूवमेंट थी। बावजूद गौतम मढ़िया में सरेराह खूनी झड़प आधे घंटे तक चला। चक्रवर्ती परिवार के सचिन चक्रवर्ती, नितिन चक्रवर्ती, गोपाल चक्रवर्ती, करण चक्रवर्ती, रंजीत चक्रवर्ती, विक्की उर्फ अरुण चक्रवर्ती, तरुण चक्रवर्ती एवं अम्मू तथा अन्य पांच-सात लोगों ने मिलकर विवेक झारिया (18) को सिर, चेहरे, गर्दन पर लाठी, रॉड व चाकू से कई वार कर मौत के घाट उतार दिया। वहीं वैभव पटेल, आकाश पटेल, रंजीत सिंह, नितिन चक्रवर्ती, रोहित झारिया, यश केवट आदि को भी खून से लथपथ कर दिए। पूरी सड़क पर खून बिखरा था।

### पूरी वारदात दूध डेयरी की सीसीटीवी में कैद

यह पूरी वारदात पास के दूध डेयरी की सीसीटीवी में कैद हो गई। विवाद की सूचना पाकर गढ़ा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। घटनास्थल और रोड पर बिखरे तलवार आदि जब्त किए। मौके पर एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा, एएसपी सिटी साउथ गोपाल खांडेल, डीएसपी तुषार सिंह, सीएसपी गोरखपुर आलोक शर्मा और एफएसएल टीम भी पहुंच गई। शव को पीएम के लिए भिजवाया।

**फोटो-बबलू**

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010

होम डिलेवरी के लिए लड़कों की जरूरत
Pure & Tasty AK's Special
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
ब्रांच-अशोक कुमार, अजित कुमार पुराना लेबर कोर्ट, नर्मदा रोड, गोरखपुर, जबलपुर

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ।। जय बाबा मसान ।। ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति
"आपका साथी" एवं सम्पूर्ण समाधान मृत्यु उपरांत
दाह संस्कार पूजन सामग्री
एवं पूजन, पंडित व्यवस्था प्रतिष्ठान
दाह संस्कार से संबंधित सम्पूर्ण सामग्री आपके बताये पते पर भेज दी जायेगी
9111712445, 8871253911 9111712445, 7999526101
दाह संस्कार सामग्री | खारी/ तीसरे दिन की पूजन सामग्री | दशगात पूजन | बारहवीं, तेरहवीं गंगाजली पूजन
दुकान पता: "आपका साथी" बल्देवबाग पेट्रोल पम्प के पास स्मॉल वण्डर स्कूल के सामने, उखरी रोड, जबलपुर

सुपरस्पेश्यालिटी पेट एवं लिवर रोग क्लीनिक
डॉ. मनीष तिवारी
M.B.B.S., MD, DM Gastroenterology Member of American college of Gastroenterology Consultant Gastroenterologist, Shailby Hospital Super Speciality Gastro & Liver Clinic Jabalpur
उपचार की सुविधायें
■ पेट में लंबे समय से तकलीफ
■ लिवर से संबंधित बीमारियां
■ पेंक्रियाज से संबंधित बीमारियां
■ पाचन से जुड़ी हुई परेशानियां
पता सुपरस्पेश्यालिटी पेट एवं लिवर रोग क्लीनिक उखरी तिराहा, विजयनगर, जबलपुर
परामर्श के लिये संपर्क करें- 8085257585, 0761-4004867

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)